इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण


"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 45 | अंक - 327 | राजनांदगांव, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए



नवां रूप : मॉ सिद्धिदात्री

मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्रि-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व- ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।

जुहू में टाइगर श्रॉफ की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग

मुंबई। मुंबई के जुहू इलाके में कार में सवार एक्टर टाइगर श्रॉफ पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग की। हमले में उनकी कार के ड्राइवर के घायल होने की खबर है। हमले में टाइगर श्रॉफ बाल बाल बच गए हैं। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार लॉरेंस गैंग ने बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्राफ पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। गैंग के अनिल पंडित और हरमन संधु ने मीडिया पोस्ट कर हमले का दावा किया है। पुलिस के अनुसार बाइक सवार तीन हमलावरों ने टाइगर श्रॉफ की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में टाइगर श्रॉफ का ड्राइवर घायल हुआ है। हमलावर फायरिंग के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस अब अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुट गई है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं।



टाइगर श्रॉफ पर हमले की लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी, नोट में सलमान खान का जिक्र

ड्राइवर और एक अन्य शख्स घायल

पुलिस के अनुसार, इस फायरिंग की घटना में टाइगर श्रॉफ का ड्राइवर और एक ऑटो-रिक्शा चालक घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार हमलावरों की तलाश की जा रही है। गोलीबारी के पीछे की असली वजह और किसी गैंग का हाथ होने की भी जांच की जा रही है। लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित और हरमन संधु ने सोशल मीडिया पोस्ट कर हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि मुंबई पुलिस ?अभी सोशल मीडिया पोस्ट की सत्यता की जांच कर रही है। टाइगर श्रॉफ पर हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आरोपी अनिल पंडित का नाम इससे पहले दिल्ली में गुरु रंधावा से जुड़े जिम पर हुई गोलीबारी के मामले में भी कथित तौर पर सामने आया था। पुलिस ने अभी कुछ भी कहने से फिलहाल इनकार किया है। पुलिस ने अज्ञात हमलवारों को पकड़ने के लिए 15 टीमें गठित की हैं। पुलिस घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

पॉश इलाके जुहू में दहशत

जुहू पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार हमलावरों को खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ फायरिंग की घटना से मुंबई के पॉश इलाके जुहू में दहशत का माहौल है। बता दें जुहू इलाके में फिल्मी हस्तियां रहती हैं और पॉश इलाके में हुई घटना ने यहां रहने वालों की चिंता बढ़ा दी है।

गोवा में गरजे राहुल गांधी, बोले- वोट चोरी के पीछे ज्ञानेश कुमार, बच नहीं पाएंगे सीईसी

पणजी। गोवा के मडगांव में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ 45 से ज्यादा मानहानि के मुकदमे चल रहे हैं, लेकिन वोट चोरी का आरोप लगाने पर अब तक कोई मुकदमा नहीं हुआ। राहुल ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ऐसे मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू हुई तो आरोप लगाने वालों को भी सवालों का सामना करना पड़ सकता है। राहुल ने कहा, पूरा देश जानता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरी को अंजाम देते हैं और गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका समर्थन करते हैं।



गोवा के मडगांव में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ 45 से ज्यादा मानहानि के मुकदमे चल रहे हैं, लेकिन वोट चोरी का आरोप लगाने पर अब तक कोई मुकदमा नहीं हुआ। राहुल ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ऐसे मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू हुई तो आरोप लगाने वालों को भी सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

राहुल ने कहा, पूरा देश जानता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरी को अंजाम देते हैं और गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका समर्थन करते हैं। राहुल ने कहा, कांग्रेस संविधान की रक्षक है। प्रधानमंत्री, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार जानते हैं कि वे हमसे बच नहीं सकते। राहुल ने कहा, पीएम मोदी, अमित शाह और सीईसी ज्ञानेश कुमार को न्याय का सामना करना पड़ेगा और उन्होंने जो किया है, उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पहले हमारे पास विश्वस्तरीय शिक्षा प्रणाली हुआ करती थी, लेकिन अब छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने दावा किया कि देश के युवा केंद्र सरकार के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। राहुल ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को रात में नींद नहीं आती क्योंकि वे जानते हैं कि कांग्रेस उनसे न्याय लेकर रहेगी।

मोदी सरकार की 'एक्सपायरी डेट' नजदीक आ रही है-राहुल

राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी सरकार की 'एक्सपायरी डेट' अब नजदीक आ रही है। इसके साथ ही उन्होंने गोवा के स्थानीय मुद्दों, बेरोजगारी, शिक्षा और पर्यावरण की रक्षा का भी मुद्दा उठाया है। उन्होंने गोवा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देने की अपील (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ग्वालियर में मंदिर मार्ग पर भीषण हादसा : अनियंत्रित ट्रक ने श्रद्धालुओं को रौंदा, 15 की मौत, 50 से अधिक दबे



ग्वालियर। शहर के चीनौर-नयागांव हाईवे स्थित शीतला माता मंदिर मार्ग पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई। नवरात्रि के अवसर पर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को धान से लदे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से बुरी तरह रौंद दिया और आगे जाकर ढलान पर पलट गया। इस भीषण हादसे में अब तक 15 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि 50 से अधिक लोग ट्रक और धान की बोरियों के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

भोर तक चला रेस्क्यू, ट्रामा सेंटर में मची चीख-पुकार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना वीभत्स था कि घटनास्थल पर चारों ओर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। सुबह 4:00 बजे तक लगातार एंबुलेंस के जरिए मृतकों के शवों और घायलों को जेएएच के ट्रामा सेंटर पहुंचाने का सिलसिला जारी रहा। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए घटनास्थल और अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

गूगल मैप के सहारे रास्ता तलाश रहे थे ट्रक, 4 स्टॉपर तोड़ते हुए घुसा

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो ट्रक रास्ता भटक गए थे और गूगल मैप के सहारे इस मार्ग पर आ पहुंचे। घाटी पर पहुंचते ही एक ट्रक तो रुक गया, किंतु आगे चल रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक पुलिस द्वारा लगाए गए चार बैरिकेड्स (स्टॉपर) को तोड़ता हुआ सड़क किनारे चल रहे श्रद्धालुओं को कुचलता चला गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक मालिक मोहित सिंह और चालक दिलबाग दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। परिवहन विभाग की शुरुआती जांच में वाहन के फिटनेस और परमिट दस्तावेज वैध पाए गए हैं।

राष्ट्रपति ने व्यक्त की संवेदना, पीएम ने किया राहत राशि का एलान

हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ईरान के नए रक्षामंत्री अखलाघी ने अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी, बोले- 'सभी फ्रंट पर जंग खत्म हुए बिना नहीं रुकेगा युद्ध'

नई दिल्ली। ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि वॉशिंगटन ने सैन्य हमले दोबारा शुरू किए या नया सैन्य अभियान चलाया, तो ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका और मध्य पूर्व में उसके सहयोगियों को भारी नुकसान पहुंचाएगा। ईरान की इस्लामी सलाहकार परिषद ने मेहरदाद अखलाघी को नया रक्षामंत्री नियुक्त किया है। पदभार संभालते ही उन्होंने अमेरिका को यह कड़ी चेतावनी दी है। ईरान ने साफ किया है कि अमेरिका द्वारा नाकेबंदी और धमकियों के बीच यदि सैन्य कार्रवाई नहीं रुकी तो होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल क्षेत्रों को लेकर संकट गहरा सकता है।



ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि वॉशिंगटन ने सैन्य हमले दोबारा शुरू किए या नया सैन्य अभियान चलाया, तो ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका और मध्य पूर्व में उसके सहयोगियों को भारी नुकसान पहुंचाएगा। ईरान की इस्लामी सलाहकार परिषद ने मेहरदाद अखलाघी को नया रक्षामंत्री नियुक्त किया है। पदभार संभालते ही उन्होंने अमेरिका को यह कड़ी चेतावनी दी है। ईरान ने साफ किया है कि अमेरिका द्वारा नाकेबंदी और धमकियों के बीच यदि सैन्य कार्रवाई नहीं रुकी तो होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल क्षेत्रों को लेकर संकट गहरा सकता है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट किया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा है और कूटनीतिक बातचीत के द्वार खुले रखे हैं। मध्य-पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान ने साफ किया है कि क्षेत्र में शांति तभी संभव है, जब सभी मोर्चों पर युद्ध पूरी तरह बंद हो। यदि किसी एक मोर्चे पर भी लड़ाई जारी रहती है, तो पूरे क्षेत्र में युद्ध खत्म नहीं माना जा सकता।

ईरानी उप विदेश मंत्री ने अमेरिका और इसराइल पर ईरान तथा लेबनान के खिलाफ हमले करके इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लेबनान में युद्ध समाप्त कराने और युद्धविराम सुनिश्चित करने के अमेरिकी प्रयास सफल नहीं हुए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'उनके पास कानूनी आधार नहीं इसलिए...', सौरव और आशुतोष की गिरफ्तारी पर बोले अभिजीत दीपके

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने अपने साथियों सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी पर बयान दिया है। उन्होंने रविवार को राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जानबूझकर आशु और सौरभ की गिरफ्तारी को लंबा खींचा जा रहा है, ताकि अदालती कार्यवाही में देर हो और उन्हें रिहाई न मिल सके। दीपके ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि उनके पास जेल में रखने का कोई कानूनी आधार नहीं है, इसलिए वे उन्हें रोकने के लिए चाल चल रहे हैं। सीजेपी द्वारा प्रस्तावित जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान सौरव दास और आशुतोष रांका को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोनों को पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था।



मणिपुर में फिर भड़की हिंसा : कुकी समुदाय के 15 घर फूंके, गोलीबारी में तीन लोग घायल; जंगलों में भागे ग्रामीण

कामजोंग। मणिपुर में हिंसा की एक और घटना सामने आई है। कामजोंग जिले के चासाद गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों में आग लगा दी। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर जंगलों और पास के सेना शिविर में शरण लेनी पड़ी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को गांव पर हुई गोलीबारी में एक कुकी नागरिक की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग घायल हुए थे। एक अलग घटना में कामजोंग जिला मुख्यालय में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के हमले में तांगखुल नागा समुदाय के तीन नागरिकों को गोली लगी।



चासाद गांव में देर रात घरों में लगाई आग

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात संदिग्ध उग्रवादियों ने चासाद गांव पर हमला किया और कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद गांव में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। कई ग्रामीणों ने जंगलों और नजदीकी सेना शिविर में शरण ली। घटना के बाद प्रभावित इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

गोलीबारी में एक की मौत, चार घायल

अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को ही चासाद गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला किया था। गोलीबारी में कुकी समुदाय के एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गोली लगने से घायल हो गए। लगातार हुई हिंसा और घरों में आगजनी के कारण इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

असम राइफल्स, बीएसएफ और पुलिस तैनात

मणिपुर पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रित करने के लिए असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भारत न तो बांग्लादेश, न फ्रांस : एसआईआर पर रिजिजू ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले- हिंसा भड़काने की थी साजिश

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत में हिंसा भड़काने और युवाओं को उकसाने की साजिश रची गई थी। रिजिजू ने बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं और फ्रांस में दंगों, आगजनी तथा लूटपाट का जिक्र करते हुए कहा कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। उनके बयान से एसआईआर और सत्ता परिवर्तन को लेकर चल रहा राजनीतिक विवाद फिर चर्चा में आ गया है। रिजिजू ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि कुछ नेताओं और भारत विरोधी समूहों ने मिलकर युवाओं को भड़काने तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन संभव है, लेकिन यह चुनाव के जरिए ही हो सकता है। उन्होंने अपने बयान में जॉर्ज सोरोस का भी जिक्र किया। रिजिजू ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण सत्ता परिवर्तन की बात करते दिखाई देते हैं।



रिजिजू ने बांग्लादेश और फ्रांस का उदाहरण क्यों दिया?

रिजिजू ने अपने बयान में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटना और फ्रांस में दंगों, आगजनी तथा लूटपाट का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह की स्थिति भारत में पैदा करने की साजिश रची गई थी। उनके मुताबिक, कुछ समूहों और नेताओं ने युवाओं को उकसाकर सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की। हालांकि, ये आरोप रिजिजू ने लगाए हैं। दिए गए विवरण में इन आरोपों के समर्थन में कोई अलग प्रमाण नहीं बताया गया है। मंत्री ने कहा कि भारत में सरकार बदलने का रास्ता चुनाव है, न कि हिंसा या किसी बाहरी व्यक्ति के जरिए सत्ता परिवर्तन।

एसआईआर को लेकर विवाद कैसे बढ़ा?

यह विवाद दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए विरोध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मोदी-शाह की कठपुतली बने ज्ञानेश के कारण चुनाव आयोग की साख पर सवाल : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को निलंबित करने की मांग की है।




कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पिछले दो वर्षों से मतदाता सूचियां उपलब्ध कराने की लगातार मांग करते रहे हैं लेकिन आयोग भी लगातार इस मांग को खारिज कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग ने 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा लाखों फर्जी मतदाताओं का पता लगाए जाने के बाद मतदाता सूचियों का खोजने योग्य प्रारूप उपलब्ध कराना बंद कर दिया था।

श्री रमेश ने कहा कि अभी 15 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने आदेश जारी कर दो वर्ष के अंतराल के बाद 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फिर शुरू हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के लिए राजनीतिक दलों को खोजने योग्य प्रारूप वाली मतदाता सूचियां यानी ऐसी मतदाता सूचियां जिनमें सर्च करके नाम आसानी से खोजे जा सकें, उपलब्ध कराने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला 'वोट चोरी' के खिलाफ देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जब भी वोट चोरी पकड़ी जाती है, मोदी सरकार नई रणनीति अपनाती है। उन्होंने कहा कि पहले पढ़ने योग्य मतदाता सूचियां उपलब्ध कराने पर रोक लगाई गई, फिर फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे कदम उठाए गए।

श्री रमेश ने कहा कि श्री मोदी और श्री शाह के निर्देशों पर काम करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने चुनाव आयोग के प्रति जनता के भरोसे को नुकसान पहुंचाया है इसलिये उन्हें तत्काल पद से हटना होगा। उन्होंने कहा कि केवल मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि चुनाव आयोग और उसकी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में व्यापक बदलाव करना होगा। उन्होंने 13 करोड़ से अधिक भारतीयों के संवैधानिक मतदान अधिकार को खतरे में डालने वाले एसआईआर को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ में 30 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता अटकी, 23 अक्टूबर तक मिला रिपोर्ट देने का अल्टीमेटम

रायपुर(दावा)। प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में मान्यता को लेकर इस बार स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) के निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण प्रदेश के 30 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता अटक गई है। इनमें 17 संस्थानों के उपयुक्तता नवीनीकरण के आवेदन निरस्त किए गए हैं, जबकि 13 कॉलेजों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (सीजीएनआरसी) ने दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद 17 अक्टूबर को 122 कॉलेजों की अंतिम सूची जारी की है, जिन्हें नर्सिंग काउंसलिंग के लिए पात्र माना गया है। मान्यता संबंधी प्रक्रिया में देरी के कारण प्रवेश और काउंसलिंग की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। अब मान्यता से वंचित संस्थानों को 23 अक्टूबर तक कमियां दूर कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने पर संबंधित कॉलेज इस सत्र में मान्यता गंवा सकते हैं। ऐसे में तय समय सीमा के भीतर काउंसलिंग पूरी करना भी चुनौती बना हुआ है।



आईएनसी ने जिन 17 नर्सिंग कॉलेजों के उपयुक्तता नवीनीकरण के आवेदन निरस्त किए हैं, उन्हें कमियां दूर करने का अंतिम अवसर दिया है। परिषद ने सभी संबंधित संस्थानों को 23 अक्टूबर तक अनुपालन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट में निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का ब्योरा देना होगा। तय समय सीमा में संतोषजनक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले संस्थानों की इस सत्र के लिए मान्यता समाप्त मानी जाएगी। हालांकि, कॉलेजों के पास प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय सीमित है। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश और काउंसलिंग की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित है। ऐसे में मान्यता संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करना संस्थानों के लिए बड़ी चुनौती है।

फैकल्टी से लेकर अस्पताल के दस्तावेजों तक मिली खामियां

आईएनसी की जांच में नर्सिंग कॉलेजों के दस्तावेजों और व्यवस्थाओं में कई कमियां सामने आई हैं। नियमों के अनुसार एक शिक्षक पर 10 विद्यार्थियों का अनुपात जरूरी है, लेकिन कुछ संस्थानों में नर्सिंग शिक्षकों और ट्यूटर्स की कमी मिली। संबद्ध अस्पतालों से चालू सत्र के क्लिनिकल अनुमति पत्र और पिछले सत्र की शुल्क (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सिंधु गरबा उत्सव में भक्ति और उल्लास का संगम, पारंपरिक धुनों पर थिरका सिंधी समाज

गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम में उमड़ा उत्साह, युवा विंग के आयोजन में नई पीढ़ी को मिल रहा सांस्कृतिक जुड़ाव





राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कारधानी में मां आदिशक्ति की आराधना के साथ गरबा उत्सव की धूम मची हुई है। शहर के गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम में सिंधी पंचायत युवा विंग द्वारा आयोजित 'सिंधु गरबा उत्सव' में प्रतिदिन भक्ति, उल्लास और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पारंपरिक परिधानों में सजे महिला-पुरुष और युवक-युवतियां गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों के जरिए आस्था, संस्कृति एवं सामाजिक एकजुटता का संदेश दे रहे हैं।

पूज्य सिंधी पंचायत के प्रवक्ता एवं पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि नवरात्रि को समर्पित यह गरबा उत्सव समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सशक्त माध्यम बन चुका है। पारंपरिक शैली, रंग-बिरंगे परिधान और संगीत की तालबद्ध प्रस्तुतियों से समूचा परिसर उत्सव के रंगों में सराबोर है। इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। जिससे नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

व्यवस्था में जुटी युवाओं की टीम

उत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सिंधी पंचायत युवा विंग के अध्यक्ष कमल गंगवानी के नेतृत्व में पूरी टीम सक्रिय है। आयोजन को सफल बनाने में कौशल शर्मा, जीतू गणेशानी, डॉ. हर्ष मोतीरमानी, यश फगवानी, लकी रूपवानी, पंकज जेठानी, राजेश मंगवानी, अमित पंजवानी, राहुल तेजवानी, रमेश आहूजा, राकेश भिमनानी, दीपक तोतवानी, नितेश कुकरेजा, संजय मोटवानी, शक्ति वाधवानी, विजय टोटवानी, संतोष मोटलानी, रॉकी कटियारा, शंकर मंगवानी, सुशील सुखीजा, पंकज रूपवानी, राजेंद्र पंजवानी, संकेत ललवानी, संजय सुखीजा, सतपाल सिंह कंजवानी और मयंक गिडवानी सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं। अध्यक्ष कमल गंगवानी ने समाज के समस्त नागरिकों से उत्सव में सपरिवार शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

मां बम्लेश्वरी मंदिर : ज्योति कलश उठाने के लिए आज मिलेगा बिल्ला



20 अक्टूबर को निकलेगी विसर्जन शोभायात्रा, नीचे मंदिर कार्यालय से कार्ड दिखाकर प्राप्त करें टोकन

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि पर्व 2026 के अवसर पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलशों की विसर्जन शोभायात्रा मंगलवार 20 अक्टूबर को परंपरागत रूप से पूर्व निर्धारित मार्ग से निकाली जाएगी। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं ने नीचे मंदिर अथवा शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापित करवाए हैं। वे कलश उठाने हेतु आवश्यक बिल्ला (टोकन) सोमवार 19 अक्टूबर को नीचे मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। ट्रस्ट समिति द्वारा बिल्ला वितरण के लिए दो पालियों में समय निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगी। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपना मूल ज्योति कार्ड साथ लेकर आएं और निर्धारित समयावधि में नीचे मंदिर कार्यालय पहुंचकर ज्योति कलश उठाने का बिल्ला प्राप्त कर लें, ताकि विसर्जन व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

पहला कॉलम...

आज गायत्री शक्तिपीठ में मातृ नवमी पूजन, पांच कुंडीय महायज्ञ के साथ होगी पूर्णाहुति



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि की पावन नवमी तिथि पर सोमवार 19 अक्टूबर को मातृ नवमी पूजन एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया है। शक्तिपीठ परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योतियों और निरंतर नौ दिनों से जारी जप, तप व ध्यान-साधना से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित है। शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि नवरात्रि की पूर्णाहुति के अवसर पर प्रातः 10 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ यज्ञोपवीत, नामकरण, दीक्षा एवं मुंडन संस्कार भी निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित इस अनुष्ठान में साधक मातृ सत्ता का स्मरण करते हुए राष्ट्र कल्याण व जनकल्याण की कामना के साथ महायज्ञ में आहुतियां समर्पित करेंगे। यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार महायज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

श्याम सेवा महिला मंडल ने की कन्या पूजा, 51 कन्याओं को कराया भोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्याम सेवा महिला मंडल ने क्वांर नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि पर कन्याओं की पूजा की। 51 कन्याओं को देवी स्वरूप पूज कर उन्हें भोजन कराया गया। नगर की श्याम सेवा महिला मंडली ने नवरात्रि पर्व पर कन्याओं को मां की तरह सजाकर उनकी पूजा की । 51 कन्याओं को तिलक कर उनके पैरों में माहुर लगाने के बाद उन्हें रुचिकर भोजन परोसे गए। श्याम सेवा महिला मंडल की मीडिया प्रभारी श्रीमती ममता अवस्थी ने बताया कि पंचमी तिथि पर स्थानीय शीतला मंदिर में कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया। उक्त अवसर पर मंडल की अध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष सरल लोहिया, नम्रता अग्रवाल, मीना जिंदल, रोहिणी, प्रीति दीक्षित, ममता सोनी एवं रिंकू मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



तहसील अधिवक्ता संघ की घोषित औपचारिक कार्यकारिणी रद्द

राजनांदगांव (दावा)। तहसील अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की हाल ही में घोषित औपचारिक कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अधिवक्ता पंकज गुप्ता द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विगत दिनों संघ की जिस औपचारिक कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी, उसे अपरिहार्य कारणों के चलते रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इस घोषणा के निरस्त होने के बाद अब आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं।





गुमराह का सशक्त माध्यम है सीएम हेल्पलाइन - कांग्रेस



अपराध को बचाने बैठा दिया है प्रशासन का भट्टा - रूपेश दुबे

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीएम हेल्पलाइन की आंकड़ों की जादूगरी व्यवस्था पर कहा कि जिस प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के विभाग पीडब्लूडी के 13 अधिकारियों को नोटिस मिले और उप मुख्यमंत्री के निर्वाचन जिला के राजस्व अधिकारी को निलंबित करना यह दर्शित करता है कि सीएम हेल्पलाइन गुमराह का सशक्त माध्यम हैं या कहे कि छ ग में प्रशासनिक आतंकवाद है। सीएम हेल्पलाइन, प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रीयो सहित विधानसभा अध्यक्ष के जिले में भी अधिकारी प्रमाणित अपराध के आरोपियों को बचाने एड़ी चोटी का जोर लगा कर सजग कलेक्टर के मनसूबों की धज्जी उड़ाए बैठे हैं।

शासकीय पट्टे भी भूमि की अवैध खरीदी बिक्री पर पट्टे निरस्त कर भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश 24 अगस्त से जारी किया गया है, किंतु नायब तहसीलदार आज तक कार्यवाही नहीं किए है। एनआईसी से नामांतरण फर्जीवाड़ा करने वालो पर सितंबर 2025 से थाना कोतवाली में अपराध दर्ज है, लेकिन तहसीलदार जानकारी नहीं दे रहे।

जिसके चलते आरोपी खुले में घूमकर कानून की हंसी उड़ा रहे हैं। ग्राम मोहंदी के सरपंच बिना पंचायत प्रस्ताव बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति 400 से अधिक शासकीय झाड़ काटकर व बेचकर पैसा रख लिया। एसडीएम इस गंभीर मामले में धीरे है। इसी प्रकार एससी वर्ग के गरीब परिवार की भूमि को फर्जीवाड़ा कर बिना सूचना दिए बिना तिथि निर्धारित किये। 5 दिन में बाहरी को कब्जा दिला दिया। इसी प्रकार 2024 से अतिक्रमण हटाने का आदेश के बाद 15 सितंबर 2026 को हाईकोर्ट से आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। एक उद्योग के खिलाफ शिकायत सीएम हेल्पलाइन में किए जाने पर अधिकारी गोलमोल कर मामला दबाने का खेल किया है। ऐसे दर्जनों मामले है। जिससे छग सरकार की लचर प्रशासनिक व्यवस्था प्रमाणित है। जिसके चलते सीएम हेल्पलाइन हेल्पलेस साबित हो रहा है।

ग्राम जोरातराई में 26वां मां दुर्गा पूजा महोत्सव : आज हवन व भंडारा, 20 को विसर्जन



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम जोरातराई (ब) में 26वें मां दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जा रहा है। गांव के कुंआ चौक स्थित पूजा पंडाल में सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से मां भगवती की भव्य प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आरती संपन्न की जा रही है।महोत्सव के अंतर्गत 19 अक्टूबर सोमवार को नवमी तिथि के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति होगी। अनुष्ठान के उपरांत विशाल महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों व श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर माता रानी का दर्शन लाभ लेने एवं महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 20 अक्टूबर, मंगलवार को परंपरागत रूप से विधि-विधान व पूजा-अर्चना के बाद माता रानी की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके उपरांत प्रतिमा को भावपूर्ण विदाई दी जाएगी। समिति एवं ग्रामीणों ने कहा कि विगत 26 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीणों के बीच आपसी सौहार्द, समरसता और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूती प्रदान करता है।

गौवंश हत्या व तस्करी के विरोध में यदुवंशियों ने खोला मोर्चा



एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर क्षेत्र में गत सप्ताह हुई गौवंश हत्या और तस्करी के मामले को लेकर यादव समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अपने आराध्य के प्रतीक के अपमान और निर्मम कृत्य के विरोध में यदुवंशियों ने लामबंद होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सर्व यादव समाज के बैनर तले समाज के पदाधिकारियों और नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों प्रकार के अपराधियों को जल्द से जल्द बेनकाब किया जाए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि दोषियों को ऐसी कठोर सजा दी जाए। जिससे भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व इस प्रकार की घिनौनी गतिविधि की पुनरावृत्ति न कर सके। इसके साथ ही समाज ने गौवंश तस्करी और अवैध परिवहन में संलिप्त सभी वाहनों को तत्काल प्रभाव से राजसात करने की मांग उठाई। प्रतिनिधियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच प्रक्रिया और पुलिस कार्रवाई के प्रत्येक बिंदु से समाज को अवगत कराया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान महेश कुमार यादव, भोला यादव, रितेश यादव, शैल यादव, मंजू यादव, मीना यादव, नागेश, विजय, विनोद यादव (बंटी), राधे, दिलीप, मोहित, रिभय यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा की कहानी : उन्नत उपकरण सहायता से श्रीमती प्रेमिन यादव के बुनकरी कार्य को मिली नई गति



राजनांदगांव (दावा)। हाथकरघा विभाग द्वारा संचालित उन्नत उपकरण सहायता योजना बुनकरों को आधुनिक एवं उन्नत उपकरण उपलब्ध कराकर उनके कार्य को आसान बनाने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्नत उपकरण सहायता योजना अंतर्गत बुनकारों को नए उन्नत करघे एवं सहायक उपकरण प्रदान की जाती है। राजनांदगांव विकासखंड के पदुमतरा बुनकर समिति में कार्यरत श्रीमती प्रेमिन यादव को उन्नत उपकरण सहायता योजना के तहत लोहे की मशीन उपलब्ध कराई गई है। इससे पहले लकड़ी की मशीन से बुनकरी का कार्य करती थीं, लेकिन मशीन खराब हो जाने के कारण काम करने में परेशानी हो रही थी। ऐसे में उन्नत उपकरण सहायता योजना के तहत मिली लोहे की मशीन उनके लिए काफी उपयोगी साबित हुई है।

रियासत काल से जारी है मिट्टी के रावण वध की परंपरा : प्रदूषण मुक्त व कौमी एकता की अनूठी मिसाल



राजनांदगांव (दावा)। आगामी विजयादशमी पर्व के अवसर पर संस्कारधानी राजनांदगांव में रियासत कालीन ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार मिट्टी के रावण का वध कर दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं आकाश शर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैरागी (वैष्णव) रियासत के साधु राजाओं द्वारा आडंबरों व कुरीतियों का विरोध करते हुए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मिट्टी के रावण वध की नींव रखी गई थी। जो आज भी पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ निरंतर जारी है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा ट्रस्ट के सहयोग से यह गौरवशाली परंपरा अनवरत निभाई जा रही है। विजयादशमी के दिन दिग्विजय महाविद्यालय स्थित ऐतिहासिक राधा-कृष्ण किल्ला मंदिर से राजपुरोहित दिलीप दास वैष्णव के मार्गदर्शन में भगवान हनुमान जी के प्रतीक स्वरूप भव्य निशान यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वध स्थल पहुंचेगी। जहां परंपरागत विधि से मिट्टी के रावण का वध संपन्न होगा।

संघ के प्रभारी निखिल वैष्णव एवं कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी ने कहा कि यह आयोजन ध्वनि एवं वायु प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त रहता है। इसमें किसी भी प्रकार के ज्वलनशील अथवा विस्फोटक पदार्थों का उपयोग नहीं किया जाता। यह सनातनी परंपरा पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक संदेश देती है। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न होकर सामाजिक समरसता और कौमी एकता का भी अद्भुत उदाहरण है। रियासत काल से चली आ रही परंपरा के अनुसार अटल सैय्यद से भी निशान निकाला जाता है, जो मुख्य निशान यात्रा में शामिल होता है। सभी निशान एक साथ नगर भ्रमण करते हुए मिट्टी के रावण वध स्थल तक पहुंचते हैं। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने सभी नागरिकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया है कि ध्वनि और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए देशभर में इस महान परंपरा का अनुसरण किया जाना चाहिए। अपील करने वालों में डोमन महराज, भोला वैष्णव, राज दुबे, जिला मंडलेश्वर अनिल तिवारी, जिला संयोजक विवेक त्रिपाठी, विवेक निर्वाणी, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, तोफिक शर्मा, शिव कुमार वैष्णव, अनुपदास वैष्णव, तुषार मिश्रा, संतोष मिश्रा, संतोष कुमार वैष्णव, सतीश तिवारी, राकेश कुमार वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, नीरज वैष्णव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, अनिल शर्मा, शेखर दुबे, देवेंद्र शुक्ला, कौशल शर्मा, चंद्रशेखर वैष्णव सहित संघ के अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल हैं।

राधा-कृष्ण किल्ला मंदिर से निकलेगी भव्य निशान यात्रा, अटल सैय्यद का निशान भी होगा शामिल

शारदीय नवरात्रि : घर-घर हुआ कन्या पूजन, नौ स्वरूपों को भोज कराकर श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि



राजनांदगांव (दावा)। क्वांर (शारदीय) नवरात्रि के पावन पर्व पर संस्कारधानी राजनांदगांव में भक्ति, आस्था और श्रद्धा का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। पर्व के अवसर पर घर-घर व्रतियों व श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के रूप में नन्हीं कन्याओं का विधिवत पूजन कर भोज कराया और अपने परिवार की सुख, शांति व मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। नवरात्रि व्रत के अनुष्ठान के तहत सुबह से ही घरों में कन्या पूजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं और एक बटुक (भैरव स्वरूप) को आदरपूर्वक आमंत्रित कर उनके चरण पखारे, माथे पर रोली-तिलक लगाया और कलावा बांधकर आरती उतारी। इसके उपरांत मां भगवती के प्रिय भोग–हलवा, पूरी, चना और खीर का महाभोज श्रद्धापूर्वक कराया गया।

भोज के पश्चात कन्याओं को चुनरी, फल, मिष्ठान, पाठ्य सामग्री और दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। घरों और मोहल्लों में नन्हीं कन्याओं के खिलखिलाते चेहरों और पारंपरिक रीति-रिवाजों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं का मानना है कि कन्या पूजन के बिना नवरात्रि की उपासना अधूरी मानी जाती है। कन्याओं को साक्षात देवी स्वरूप मानकर उनकी सेवा और सत्कार से माता रानी शीघ्र प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। शहर के विभिन्न देवालयों, सार्वजनिक दुर्गा पंडालों सहित वार्डों में पूरे दिन कन्या भोज और पूजन का दौर अनवरत जारी रहा।

पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 से अजय वैष्णव का पक्के मकान का सपना हुआ साकार



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिससे हितग्राही अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास का निर्माण कर सकें। नगर पालिका परिषद् डोंगरगांव के श्वेता पारा वार्ड क्रमांक 7 निवासी अजय वैष्णव को शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत पक्का मकान निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। इससे पहले उनका परिवार कच्चे मकान में निवास करता था। जिसके कारण परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अजय वैष्णव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता से पक्के मकान का निर्माण कराया। अब उनका परिवार सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास में निवास कर रहा है। पक्का मकान बनने से मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से राहत मिली है और परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। स्वयं के पक्के मकान का सपना साकार होने से परिवार में खुशियों का माहौल है। अजय वैष्णव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के माध्यम से पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवरात्रि अष्टमी पर हवन-पूजन की रही धूम, स्वाहा की गूंज के साथ यज्ञ में समर्पित हुई आहुतियां

देवी मंदिरों व पंडालों में उमड़ा आस्था का सैलाब, तिथियों की भिन्नता के बीच कई स्थानों पर आज मनेगी नवमी





राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी तिथि पर संस्कारधानी सहित पूरे वनांचल क्षेत्र के देवी मंदिरों, जंवारा घरों और दुर्गोत्सव पंडालों में यज्ञ-हवन का गरिमामय आयोजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने स्वाहा की समवेत ध्वनि के साथ मां जगदंबा को विशेष आहुतियां समर्पित कीं। हवन के दौरान प्रज्वलित पावन अग्नि और दशांग-हविष्य की सुगंधि से समूचा वातावरण महक उठा।

पंचांग भेद के चलते तिथियों में भिन्नता

इस वर्ष पंचांगीय गणना और तिथियों के फेर के चलते अंचल के प्रमुख देवी मंदिरों में महाअष्टमी, महानवमी और विसर्जन को लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। कई दुर्गोत्सव समितियों व श्रद्धालुओं ने रविवार 18 अक्टूबर को महाअष्टमी का पर्व मनाते हुए मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर हवन संपन्न किया। वहीं दूसरी ओर, धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर और शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला मंदिर सहित प्रमुख देवस्थानों में सोमवार 19 अक्टूबर को अष्टमी हवन-पूजन का विधान संपन्न किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के गायत्री शक्तिपीठ में भी सोमवार को मातृ नवमी पूजन के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विशेष अनुष्ठान आयोजित है। रविवार को गंजलाइन दुर्गोत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा पंडाल के समक्ष भव्य यज्ञवेदी बनाकर वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया। इसी तरह दुर्गा चौक, दश महाविद्या पीठ पाताल भैरवी सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों के पूजा पंडालों में भक्तों ने यज्ञ में शामिल होकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

हवन अनुष्ठान के उपरांत कई पंडालों व घरों में नौ कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया गया और भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के साथ ही अब अंचल में ज्योति कलश और मां दुर्गा, मां काली व मां सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी दिनों में परंपरागत गाजे-बाजे और जय माता दी के जयकारों के बीच विसर्जन शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

पहला कॉलम...

केवीके सुरगी में मना राष्ट्रीय महिला किसान दिवस : कर्मठ महिला कृषकों का हुआ सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सुरगी में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय महिला किसान दिवस' शक्ति, समर्पण और सम्मान के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती जागृति चुन्नी यदु शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रगतिशील महिला कृषकों को सम्मानित कर उनकी लगन और परिश्रम की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि महिलाएं कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बीज चयन, बुवाई, रोपाई, फसल प्रबंधन से लेकर कटाई और मूल्य संवर्धन (प्रोसेसिंग) तक के प्रत्येक चरण में महिलाएं कुशलता से महती भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद अक्सर उनके योगदान को उचित पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने बल दिया कि महिला कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना आज की प्राथमिकता है। समुचित तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण अपनाकर महिलाएं खेती को अधिक लाभप्रद बना सकती हैं। कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी के बिना कृषि क्षेत्र का समग्र और सतत विकास संभव नहीं है। महिला किसानों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता के नए अवसर प्रदान करना समाज और शासन का साझा दायित्व है। आयोजन के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचीं बड़ी संख्या में महिला कृषकों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को नवीन कृषि तकनीकों और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।

डोंगरगांव भारत स्काउट गाइड्स विकासखंड संघ का हुआ गठन



डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में 16 अक्टूबर 2026 को भारत स्काउट गाइड्स विकासखंड डोंगरगांव के संघ गठन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान जिला संगठन आयुक्त मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव देवेंद्र अंबादे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षितीज सोरी एवं विकासखंड डोंगरगांव के समस्त हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल के समस्त प्रभारी शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही.

इस कार्यशाला में भारत स्काउट गाइड्स के पूरे साल भर से चलने वाले गतिविधियों के संचालन के विषय में चर्चा किया गया एवं भारत स्काउट गाइड्स विकासखंड के सफल संचालन के लिए जिला सचिव के मार्गदर्शन में आज भारत स्काउट गाइड्स के आजीवन सदस्यों के द्वारा विकासखंड संघ का गठन सर्वसम्मति से किया गया. जिसमें विकासखंड अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चुन्नीलाल यदु, देवलाल साहू, धरमचंद बोथरा, कोषाध्यक्ष हेमंत चोपडा, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि के रूप में पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी(संरक्षक) एवं टोमन साहू को बनाया गया. एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त अलखराम साहू, विकासखंड सचिव टोमन पटेल, संयुक्त सचिव भूपेश यदु, सुश्री सीता सोरी को जिम्मेदारी दी गई है।

प्रशासन मौन : व्यापारी व पार्षद ने दिखाया रास्ता : निजी खर्च से लगा दिशा सूचक बोर्ड

6 साल का इंतजार खत्म, रेलवे चौक व बुधवारी बाजार के लिए भटकते यात्रियों को मिली राहत



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी में विकास के तमाम दावों के बीच प्रशासनिक उदासीनता की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने नगर पालिका व संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में एक अदद दिशा-सूचक (साइन बोर्ड) के अभाव में यात्री छह वर्षों से परेशान हो रहे थे और स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा था। अंततः जब प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली गई, तो एक स्थानीय व्यापारी और वार्ड पार्षद ने स्वयं अपनी जेब से खर्च कर साइन बोर्ड स्थापित कराया।

6 साल से क्यों भटक रहे थे मुसाफिर और ग्राहक?

कालका से बुधवारी पारा को जोड़ने वाले अंडरब्रिज की जर्जर स्थिति के चलते रेलवे चौक, बुधवारी पारा और रेलवे स्टेशन क्षेत्र का व्यापार लंबे समय से मंदी की मार झेल रहा था। खैरागढ़ मार्ग की ओर से आने वाले यात्री नया बस स्टैंड पर उतरते थे, किंतु स्टेशन और बुधवारी बाजार का सीधा मार्ग गैस एजेंसी के सामने से होने के बावजूद कोई बोर्ड न होने से वे रास्ता भटक जाते थे। इसका फायदा उठाकर कई बार ऑटो चालक चंद दूरी के लिए यात्रियों से 30 से 100 रुपये तक वसूल लेते थे। कई खरीदार रास्ता न मिलने के कारण बाजार पहुंचे बिना ही लौट जाते थे। जिससे दुकानदारों को निरंतर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था।

लगातार अनदेखी से तंग आकर मारुति ज्वेलर्स के संचालक व भाजपा नेता वीरेंद्र सोनी और अन्ना इडली के संचालक सह वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोंडा विनायक राव ने पहल की। दोनों ने 15 अक्टूबर को अपने निजी खर्च से गैस एजेंसी चौक पर सुव्यवस्थित साइन बोर्ड स्थापित कराया। इस बोर्ड पर रेलवे स्टेशन, रेलवे चौक और बुधवारी बाजार की दिशा स्पष्ट रूप से दर्शाई गई है। पार्षद कोंडा विनायक राव द्वारा इस पहल का वीडियो साझा किए जाने के बाद यह नगर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बुनियादी सुविधाओं पर व्यवस्था से तीखे सवाल

नगर में अब यह चर्चा आम हो गई है कि जब एक सामान्य दिशा-सूचक बोर्ड लगाने के लिए भी जनप्रतिनिधि और व्यापारी को अपनी जेब ढीली करनी पड़े, तो नगर पालिका परिषद और जिम्मेदार विभाग क्या कर रहे हैं? नागरिकों का कहना है कि पार्षद कोंडा विनायक राव ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं की लंबी कतार में उलझने के बजाय जनहित को प्राथमिकता दी है। इससे पूर्व भी वे अपने वार्ड की गलियों, सड़कों और पुलों पर निजी स्तर से प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करा चुके हैं। नागरिकों का मानना है कि यह कदम व्यवस्था के जिम्मेदार अधिकारियों के लिए आत्ममंथन का विषय है।

गर्भावस्था के दौरान दी गई शिक्षा ही संस्कार का आधार बनती है : मुनि समयप्रभ सागर



राजनांदगांव (दावा)। गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली शिक्षा और वातावरण ही संतान के जीवन में संस्कारों का मूल आधार बनता है। महाभारत काल में अर्जुन ने सुभद्रा के गर्भ में पल रहे शिशु को चक्रव्यूह भेदन की कला सिखाई थी, किंतु चक्रव्यूह से बाहर निकलने की युक्ति बताते समय सुभद्रा को नींद आ गई। यही कारण था कि वीर अभिमन्यु चक्रव्यूह तोड़ना तो सीख गए, लेकिन उससे बाहर निकलना नहीं जान पाए। उक्त उद्गार खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री मणिप्रभ सागर महाराज के सुशिष्य मुनि श्री समयप्रभ सागर जी महाराज ने व्यक्त किए। जैन बगीचा स्थित ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के तहत धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संस्कारों और गर्भावस्था के दौरान आचरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। चातुर्मास समिति के मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने प्रवचन में कहा कि बच्चे के संस्कार का निर्माण मां के गर्भ से ही प्रारंभ हो जाता है। प्राचीन काल में आत्मा को सर्वोच्च महत्व दिया जाता था और जब कोई महिला गर्भधारण करती थी, तब यह माना जाता था कि एक पावन आत्मा का घर में आगमन हुआ है। गर्भावस्था के दौरान माता का जैसा आचरण, विचार, खान-पान और स्वाध्याय होता है, गर्भस्थ शिशु उसी चेतना और ज्ञान को ग्रहण करता है। इस अवधि में दी गई उत्तम शिक्षा को आत्मा अधिक गहराई से आत्मसात करती है। मुनि श्री ने कहा कि संस्कारों की स्थापना के लिए मन में दृढ़ता और समाज में नारियों के प्रति सर्वोच्च सम्मान का भाव होना आवश्यक है। यदि आराधना और आचरण में चूक होती है, तो धर्म के मूल लक्ष्य को आघात पहुंचता है। राजा और शासन के दायित्वों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक कुशल राजा को सदैव अपनी प्रजा के हित को सर्वोपरि रखना चाहिए। शासक को गुप्त रूप से जनसमस्याओं की वास्तविक जानकारी जुटाकर तत्परता से उनका समाधान करना चाहिए।

समाजसेवी शारदा तिवारी को आज प्रदान किया जाएगा 'राजनांदगांव रत्न' सम्मान



31 समाज, महिला मंडल व संस्थाएं करेंगी अलंकृत, पं. विनोद बिहारी गोस्वामी देंगे संस्कार ज्ञान प्रवचन, सजेगी गरबा की महफिल

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में पदयात्रियों की निरंतर सेवा में समर्पित मां बम्लेश्वरी देवी पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल (बागेश्वर धाम उत्सव हॉल) द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'राजनांदगांव रत्न' सम्मान प्रख्यात समाजसेवी, धर्मसेवी व वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री शारदा तिवारी को प्रदान किया जाएगा। विगत तीन वर्षों से समाज की विभूतियों को सम्मानित करने की परंपरा का निर्वहन करते हुए आयोजन समिति ने इस वर्ष सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लगाई है। समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल, मयंक कृष्णा शर्मा, संदेश जैन, योगेश साहू, सूरज गुप्ता, अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, सचिव महेश शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल एवं सचिव प्रज्ञा गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार 19 अक्टूबर को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक बागेश्वर धाम उत्सव हॉल में विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी।

महोत्सव का शुभारंभ दोपहर 3 बजे से होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित विनोद बिहारी गोस्वामी जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु 'संस्कार ज्ञान' प्रवचन का श्रवण करेंगे। संयोजक मंडल की अलका जानी, सुषमा सिंह, साधना तिवारी, अर्चना दास, ऋतुराज, अनिता जैन, माया अग्रवाल, संगीता शुक्ला, सहसंयोजक मौसमी शर्मा एवं ममता शर्मा ने बताया कि शाम 4 बजे सम्मान समारोह आयोजित होगा। संस्कारधानी में 'बुआ जी' व 'दीदी' के नाम से लोकप्रिय तथा दो बार की पूर्व पार्षद शारदा तिवारी को पदयात्रियों की निस्वार्थ सेवा, विधिक सहायता एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों में जीवन समर्पित करने के लिए 31 समाज, महिला मंडलों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से 'राजनांदगांव रत्न' से नवाजा जाएगा। सह सचिव मोना गोसाई, मंजुरानी साहू, स्वागत प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल एवं यशोदा गुप्ता के अनुसार शाम 5 बजे से मातृशक्ति द्वारा माता रानी की आराधना में भक्ति गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत गोधूलि बेला में मां बम्लेश्वरी देवी की दीप महाआरती, कन्या पूजन एवं भंडारा महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। संरक्षक डी.सी. जैन, सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, रामावतार जोशी, हरजीत भाटिया, शैलेंद्र तिवारी, सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता तथा प्रचार प्रमुख अशोक पांडे व सूरज बुद्धदेव ने नगर के समस्त सामाजिक संगठनों, महिला मंडलों व धर्मप्रेमी नागरिकों से इस गरिमामय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

सीजी पब्लिक स्कूल के वैभव साहू का राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा के लिए चयन

सरगुजा में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखाएंगे खेल कौशल, अंडर-19 वर्ग में चयन पर विद्यालय परिवार और नगरवासियों ने दी बधाई



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय सी.जी. पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, डोंगरगांव के छात्र वैभव कुमार साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वैभव कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) के छात्र हैं और गिरवर सिंह साहू के सुपुत्र हैं। वे सरगुजा में आयोजित होने वाली 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (2026-27) में अंडर-19 आयु वर्ग के फुबॉल मुकाबले में हिस्सा लेंगे।छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एजाज अली हाशमी एवं रियाज अली हाशमी ने हर्ष व्यक्त करते हुए वैभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शाला के क्रीड़ा प्रभारी पी.आर. ठाकुर व प्रणव सारस्वत, कार्यालय प्रभारी प्रकाश यादव, प्रधानपाठक सबा हाशमी, शिक्षक सुकाल सिंह साहू, अनिल कुमार साहू, कुमेश साहू, खिलेन्द्र कोर्राम, प्रकाश साहू, तथा शिक्षिकाएं शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, माधुरी कसेर, विनिता पटेल, ललिता भारती, अंजली गुप्ता, पूजा यादव व पार्वती साहू सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित की है।

सेवा की कहानी : महतारी सदन से महिलाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण महिलाओं के सपनों को नई दिशा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में महतारी सदन बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 24 लाख 70 हजार रूपए की लागत से निर्मित यह भवन महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का नया केन्द्र बनेगा। यहां महिलाओं को अपने हुनर को निखारने, कौशल विकसित करने और आजीविका के नए अवसर तलाशने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत महतारी सदन का निर्माण पूर्ण होने से ग्राम सुकुलदैहान के महिला स्व-सहायता समूहों को सामूहिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। भवन में समूहों की बैठकें, आजीविका प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इससे महिलाओं को अपनी आर्थिक गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार करने और सामूहिक निर्णय लेने में सुविधा होगी।

ग्राम चिरचारी में 'महुआ फूल बैंक' की अनूठी पहल : ग्रामीणों के लिए सृजित हो रहे आजीविका के नए अवसर

समग्र सृष्टि संस्था की प्रेरणा से प्रति परिवार 15 किलो महुआ संग्रहण का निर्णय, उपज से बने ग्रामकोष से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। आदिवासी बाहुल्य वनांचल क्षेत्रों में लघु वनोपज ग्रामीणों की आजीविका और पारंपरिक आर्थिकी का मुख्य आधार है। इसी दिशा में ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से तहसील मोहला के ग्राम चिरचारी में 'महुआ फूल बैंक' की स्थापना की गई है। ग्राम दक्कोटोला (तहसील अंबागढ़ चौकी) स्थित 'समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था' की प्रेरणा से शुरू हुई इस पहल के जरिए महुआ फूल का सामूहिक संग्रहण, वैज्ञानिक भंडारण और बेहतर बाजार मूल्य पर विक्रय कर 'ग्रामकोष' का निर्माण किया जा रहा है। संस्था के मार्गदर्शन में ग्रामसभा ने सामूहिक भागीदारी का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रत्येक परिवार से 15 किलोग्राम महुआ एकत्र करने का लक्ष्य तय किया था। शुरुआती चरण में गांव के 27 परिवारों ने मिलकर 300 किलोग्राम से अधिक महुआ फूल बैंक में जमा कराया। संग्रहित महुआ को 55 रुपये प्रति किलोग्राम की बेहतर दर पर बेचा गया, जिससे कुल 22,275 रुपये की आय अर्जित हुई। इस राशि को ग्रामसभा द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार गांव के विकास कार्यों और आपातकालीन सामुदायिक जरूरतों के लिए बनाए गए 'ग्रामकोष' में सुरक्षित रखा गया है।



महुआ फूल बैंक के पारदर्शी और सुचारू संचालन के लिए ग्रामीणों ने एक विशेष समिति का गठन किया है। यह समिति परिवारों से महुआ संग्रहण, वैज्ञानिक तरीके से सुखाने, नमी से बचाव और स्टॉक रजिस्टर के संधारण का जिम्मा संभालती है। सामूहिक भंडारण की सुविधा होने से बिचौलियों पर निर्भरता समाप्त हुई है और ग्रामीणों को बाजार के अनुकूल समय पर अपनी उपज बेचने की सौदेबाजी क्षमता मिली है। इस सामुदायिक मॉडल को धरातल पर उतारने में गांव के कर्मठ व संघर्षशील युवाओं ने महती भूमिका निभाई है। युवा साथी कामता प्रसाद कचलामे, सुरेंद्र धुर्वे, दिनेश धुर्वे सहित अन्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीणों को एकजुट करने और सामूहिक निर्णयों को लागू करने में बड़ी सफलता मिली। संस्था का मानना है कि यदि लघु वनोपज का प्रबंधन वैज्ञानिक और सामूहिक रूप से किया जाए, तो यह स्थानीय संसाधनों को सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदल सकता है। चिरचारी का यह प्रयोग अब आसपास के वनांचल गांवों के लिए भी अनुकरणीय मॉडल बन रहा है।

अनमोल 'दावा'

"दिल सच्चा, कर्म अच्छा, बाकी सब भगवान की इच्छा।

हम डेटिंग ऐप्स को बार-बार डिलीट और री-डाउनलोड क्यों करते रहते हैं?

आप कई उबाऊ बातचीत, निराशाजनक मैचों या लगातार स्वाइप करते रहने से तंग आकर डेटिंग ऐप डिलीट कर देते हैं। आप खुद से कहते हैं कि अब बहुत हो गया, कम से कम कुछ समय के लिए तो आप डेटिंग ऐप्स से दूर ही रहेंगे। कुछ दिनों बाद, बोरियत होने लगती है, फिर से उत्सुकता जागती है, और आप पाते हैं कि आपने वही ऐप दोबारा डाउनलोड कर लिया है। क्या यह जाना-पहचाना लगता है?

यह सिलसिला जितना दिखता है, उससे कहीं ज़्यादा आम है। भले ही डेटिंग ऐप्स थका देने वाले लगें, लेकिन किसी से मिलने की उम्मीद हमें बार-बार वापस खींच लाती है। यहाँ पाँच कारण दिए गए हैं कि हम इनसे दूर क्यों नहीं रह पाते।

एक ब्रेक के बाद, यह मान लेना आसान होता है कि अगली बार सब कुछ बेहतर होगा। शायद आपको कोई दिलचस्प इंसान मिल जाए, कोई सार्थक बातचीत हो, या कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाए जिसके साथ आपकी अच्छी ट्यूनिंग बैठे। यही उम्मीद ऐप को दोबारा डाउनलोड करने को सार्थक बना देती है।

इंटीमेसी कोच और द इंटीमेट क्यूरेटर की फाउंडर, ऐली सेघेटी कहती हैं, जब हम एक परफेक्ट पार्टनर की कल्पना करने लगते हैं, तो असल लोगों के साथ जुड़ाव महसूस करना मुश्किल हो जाता है। बार-बार होने वाली ऐसी पहली मुलाकातें जो किसी नतीजे तक नहीं पहुँचतीं, हमें थका सकती हैं, लेकिन किसी से जुड़ने की हमारी चाहत बनी रहती है। डेटिंग ऐप्स को डिलीट करना खुद को सुरक्षित रखने जैसा लग सकता है, लेकिन अकेलापन हमें वापस उसी जगह ले आता है। किसी से जुड़ने से पहले, खुद से पूछें, इस समय मैं कैसा महसूस करना चाहता हूँ? चाहे वह किसी का आपको चाहना हो, किसी का आपको चुनना हो, या बस अकेलापन कम करना हो–इनमें से कोई भी चाहत गलत नहीं है। अपनी इन भावनाओं के प्रति ईमानदार रहने से हमें ज़्यादा सार्थक रिश्ते, दोस्ती और रोमांटिक संबंध बनाने में मदद मिल सकती है।

कभी-कभी, डेटिंग ऐप को दोबारा डाउनलोड करने का मकसद प्यार खोजना नहीं, बल्कि बस अपना समय बिताने के लिए कुछ करना होता है। शांत शाम के समय, सफर के दौरान या अकेलेपन के पलों में, प्रोफाइल्स को स्क्रॉल करना ध्यान भटकाने का एक आसान ज़रिया बन जाता है। च्मेरे लिए, डेटिंग ऐप्स का मतलब सिर्फ रोमांस नहीं है। मैं डेटिंग को एक छोटे से एडवेंचर की तरह देखती हूँ–हर डेट पर कुछ नया करने की कोशिश करती हूँ, जैसे गणेशोत्सव के दौरान लालबाग में पंडाल घूमना, गो-कार्टिंग करना या ट्रेकिंग पर जाना। डेटिंग कभी-कभी बहुत थकाऊ हो सकती है, इसलिए अपनी सीमाएं तय करना और बीच-बीच में ब्रेक लेना ज़रूरी है। लेकिन हर डेट का मतलब यह नहीं है कि उससे कोई रिश्ता ही बने; कभी-कभी, बस किसी का साथ एन्जॉय करना, नए अनुभव पाना और यादें बनाना ही काफी होता है। डेटिंग ऐप्स आपको अपनी रोज़मर्रा की रूटीन से बाहर निकलने में भी मदद कर सकते हैं, खासकर तब जब आप किसी नए शहर में हों, जेन ज़ी कंटेंट क्रिएटर प्राची देवधर बताती हैं।

डेटिंग ऐप्स पर हमें लगातार नए चेहरे और संभावित लोग मिलते रहते हैं। यहाँ तक कि जब हम स्वाइप करते-करते थक जाते हैं, तब भी यह सोचकर रुकना मुश्किल हो जाता है कि शायद अगली प्रोफ़ाइल कुछ अलग हो। हमेशा कोई न कोई नया व्यक्ति मिल ही जाता है जिसे आप जान सकते हैं।

मैच, लाइक और मैसेज मिलने से आत्मविश्वास थोड़ा बढ़ सकता है। भले ही बातचीत अक्सर किसी नतीजे तक न पहुँचे, लेकिन किसी का ध्यान मिलना अच्छा लग सकता है। ऐप डिलीट करने के बाद, कुछ लोग उस एहसास को मिस करने लगते हैं और फिर से वैलिडेशन पाने के लिए वापस आ जाते हैं।

डेटिंग ऐप्स थकाऊ हो सकते हैं, खासकर तब जब बातचीत बार-बार एक जैसी लगे या आपकी कोशिशों के बदले सामने वाले से कोई खास रिस्पॉन्स न मिले। लेकिन इस प्रक्रिया से ब्रेक लेने का मतलब यह नहीं है कि आप किसी से जुड़ने की उम्मीद ही छोड़ दें। हो सकता है कि हम थक जाने की वजह से ऐप डिलीट कर दें, लेकिन फिर वापस आ जाएं क्योंकि किसी से मिलने की चाहत अभी भी बनी रहती है। क्रेक कंसल्टेंट सेजल वक्कर कहती हैं, च्डेटिंग ऐप्स को डिलीट करना और फिर से डाउनलोड करना, एक तरह से जुड़ाव की चाहत और अपनी मानसिक शांति बनाए रखने के बीच का एक चक्र है। बार-बार एक जैसी बातचीत और अनिश्चितता आपको भावनात्मक रूप से थका सकती है, लेकिन जिज्ञासा आपको वापस खींच लाती है–इस उम्मीद के साथ कि शायद अगला व्यक्ति कुछ अलग हो। अगर मुझे कोई ऐसा इंसान मिल जाए जिसके साथ मेरा गहरा जुड़ाव हो, तो मैं खुशी-खुशी इन ऐप्स को डिलीट कर दूंगी और अपने उस रिश्ते पर ध्यान दूंगी। मुझे ऐसा जुड़ाव चाहिए जो घर जैसा सुकून दे–जहाँ आराम, निरंतरता और अपनापन हो। मैं यह सोचकर परेशान नहीं होना चाहती कि शायद एक और स्वाइप करने पर कोई बेहतर इंसान मिल जाए। डेटिंग ऐप्स को डिलीट करना और फिर से डाउनलोड करना, जरूरी नहीं कि कोई समस्या ही हो। लेकिन अगर इस प्रक्रिया से आपको उम्मीद के बजाय और ज़्यादा थकान महसूस होती है, तो थोड़ा लंबा ब्रेक लेना और यह सोचना मददगार हो सकता है कि आप असल में डेटिंग से क्या चाहते हैं। कभी-कभी, पीछे हट जाने का मतलब प्यार की उम्मीद छोड़ देना नहीं होता। इसका बस इतना मतलब है कि आप खुद को एक अलग नज़रिए से आगे बढ़ने का मौका दे रहे हैं।

(छत्तीसगढ़ी हास्य-व्यंग)

"बुजुर्रा" - नॉन स्टॉप रेडियो



(रोशन लाल साहू)

हमर तिर-तखार म एक प्राणी जरूर मिलथे, जेकर मुंह में एक्स्ट्रा बैटरी लगे रहिथे अउ कान में सोलर प्लेट। दूसर के बात सुनई मतलब टाइम वेस्ट।

तैं अपन दुःख बताबे - ''मोर कुकुर मर गे'' त वो तुरते कहिही - ''अरे मोर वाला त तीन बेर मर के जी गे हे, तोला पता हे...''ये डहर बात खतम नइ होए रहय अउ वो डहर ओकर किस्सा चालू। तैं बात बताबे नागपुर के त वो हा बताही कलकत्ता के। हमर बात लटके रही, ओकर बात दुरंतो एक्सप्रेस कस सर्राटा मारही। ईंकर बात-बात म सुन तो, सुन तो जरूर रहिथे।

येमन ज्ञान के तथाकथित एनसाइक्लोपीडिया होथें। डॉक्टर ले लेके वकील तक, खेती ले लेके रॉकेट तक -सब विषय के ठेकेदार। पूछे हस कि नइ पूछे हस? सलाह फ्री में हाजिर। बात पचरई म घरवाली मायके जाए बर कब के संदूक-पेटी ल धरे रथे। घर-भीतर के अइसन अविश्वास प्रस्ताव के रणनीति ल भले झन जानय, फेर रूस-यूक्रेन के लड़ई होय चाहे अमेरिका- ईरान में तना-नना। भारत ल काय स्टैंड लेना चाही, जेकर ले पेट्रोल-डीजल के रेट गारंटी के साथ कम होही - ईंकर करा सबो रणनीति अप-टू-डेट रहिथे। सबो बात के स्पेशलिस्ट।

अइसन मन ल लगथे कि सुनई बुद्धूपन हे अउ बोलई हुशियारी।कोन समझाही - बोले वाला तो बाजार में बहुत मिल जाथे, सुने वाला मनखे अब भगवान बनातेच नइहे। अइसन भकलाहा मन ल कतको टेचरही मारबे - कान में चिटको जुआँ नइ रेंगे। रेंगही घलो कइसे? कान तो मूंदाय रहिथे। थोरिक कान ल घलो चालू रख रे ददा! खाली मुंहेच ला नइ। काबर कि भगवान दू ठन कान अउ एक ठन मुंह एखरे सेती दे हे - सुनय जादा अउ बोलय कम। सबो दिन टंग स्लीपिंग होवत रही का? झगरा-फसाद के जड़ म जादा बोलई हे। बिहनिया कुछू, मंझनिया कुछू त संझतिया कुछू। फेर काय करबे? ऊपराहा म नोबल पुरस्कार चाही। तुलसीदास जी घलो कहिन-

सुनि समुझहिं जन मुदित मन, मज्जहिं अति अनुराग।
लहहिं चारि फल अछत तनु, साधु समाज प्रयाग।।

त सुनना हे न समझना । ज्ञान बघरई सार। चार पदारथ ले काय वास्ता? जे जगा बइठ गे, दूबी जाम जाही। काम-धाम के बेरा म दूसर ल बिल्होरहीं। देश के जी.डी.पी. (सकल घरेलू उत्पाद) गिरे म इही बिल्होरन मन घलो कारण आयँ। ये मुद्दा डहर कोनो राजनीतिक दल के नजर का नइ परे हे? परे हावय। जब खवई-पियई, पहिरई-ओढ़ई ल बड़े जन ल मुद्दा बना लथें त का ये मुद्दा छूटही? इही समस्या ले वहू मन दू चार होवत हें। पचर-पचर करे ले फायदा कम नुकसान जादा हे। अईसे भी जी.डी.पी. गिरई ले सीट गिरई बड़े बात आय। अपने जांघ उघरई, अपने फजीहत करई। अपन दुख ल कोन ल बतातीं?

पास-पड़ोसी मन के ताना मरई ल सुन सुन के हमर सोनउ कका घर काकी बपुरी विपक्षी दल के नेता कस सांझे-बिहान ध्यानाकर्षण करवातेच्च रहिथे -

अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप।
अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।।

फेर पिटर्री कका के पचरई एकाध कन तो कम होतिस? कमेच्च नइ होये। येदे दशहरा दिन के बात आय। बिहने-बिहने पिट-पिटहा सोनउ कका अउ काकी के बनेच मातगे। बेरा पंगपंगाय नइ रिहिस। कका अपन बहू ल कहिस- सुन तो बहू, एक कन चाय तो बना दे । अउ सुन, अदरक थोरिक ज्यादा डार दे, शक्कर कम डारबे महंगा होगे हे।

बहू - (हंस के) बाबूजी, आप तो विपक्ष कस हो गे हव - महंगाई कम करो, फेर विकास ज्यादा करो!

-अरे वाह बहू! तैं तो एकदम सियान मन कस बात करे लगेस! ठीक कहेस। अउ सुन, तोर सास ला झन बताबे कि मैं बिस्कुट मांगे हंव। त 1965 म ....

बहू -अरे बाबूजी, मैं कुछू नइ कहँव। आप बिस्कुट खावव। (मने-मन) माथ झन खावव। शास्त्री जी 1965 म एक बेरा के भोजन झन बनावव कहे रिहिस उहि-उहि बात ल झन पचारव।

कका - शाबास! इही तो चाही। घर के जी.डी.पी. बहू मन ह तो बढ़ाथें!

बहू -बाबूजी, आप बिहनिया चार बजे काबर उठ जाथव?

कका -अरे बहू, बिहनिया उठे ले मनखे तंदुरुस्त रहिथे। अउ सबो काम जल्दी हो जाथे। 1965 म जब शास्त्री जी प्रधानमंत्री रिहिस त...

बहू बात काटत -त फेर आप उठके करथव का?

ससुर -मैं उठके सबला उठा देथंव!

-अउ?

-अउ का? बाबा रामदेव के योग ल देखथंव। सुन तो सुन तो, जब बाबा रामदेव हमर राजनांदगांव आये रिहिस त मंय....

बहू-(मने-मन) त तँय पचारन विद्या के दीक्षा ले रेहे होबे।

- बाबूजी, आप तो सबला उठा दे हव, अब का करना हे बतावव?

- करना का हे? 1965 के पूरा बात ल तो सुनव अब वईसन नेता कहाँ हे?

बहू - (मने-मन) फेर तोर असन पचर्रा ससुर अउ कहाँ हे? उपक के कहिस- बाबू जी दूध नइहे। बिलई पी दिस।

- त का हो गे? पानी वाला चाय बना दे। कड़क वाला। हमर जमाना में पानी वाला चाय पी के लोगन खनती-गोदी को? बर जावयँ। जानथस 1965 म...

बहू-(बात काँटत) अउ नाश्ता?

कका -नाश्ता? नाश्ता तो हल्का होना चाही। पूरी-सब्जी, पराठा, थोकिन पोहा... हल्का मतलब इहि? त 1965 म....

काकी - (नींद में) अरे तुमन फेर शुरू होगेव! खुद तो चार बजे उठके, सबके नींद खराब कर दे हव! तोर बुजुर-बुजुर कते दिन सिराही। 1965 के बात ल तीस बरस ले सुनत-सुनत तन दुबरागे, अब तो दया करव।

कका -अरे भाग्यवान, मैं देश के विकास बर सोंचत हँव। सब जल्दी उठही, काम जल्दी होही, देश आगे बढ़ही!

बहू उपक के कही परिस- हव बाबूजी, आप के चक्कर म हमर नींद के जी.डी.पी. जरूर गिरे हे! आपके पेट तो नैनीताल के तालाब आय, सबो समा जाही। नइते गरम पानी संग कायम चूर्ण आबाद। बुजुर-बुजुर करे बर पारा मुहल्ला जिंदाबाद।

ये बात अतेक आघू बाढ़िस कि साँझकुन के राम-रावण युद्ध ले पहिली हमर सोनउ कका अउ काकी म युद्ध होगे। साँझकुन राम-लीला ठउर म लंकिनी के रोल करइया ल जुन्ना बात ल पचार -पचार के माथा पिरा दिस। बपुरा का करे- बने हवे लंकिनी अउ फूल पेंट कुरता पहिरे मंच म निकलगे। लोगन मन के हाँस-हाँस के पेट पिरागे।

रामलीला के मैनेजर ल मंच म आके बोले ल परगे- कि ये बुजुर्रा-रेडियो कभू बंद नइ होवय। ओकर बैटरी न तो खत्म होवय, न चार्ज करे के जरूरत पड़े। ओला बंद करे के एकेच रिमोट हे - चुपचाप सुन लेव अउ ÷हव-हव कका÷ कहिके निकल लेव। काबर कि समझाना हाथी ला चड्डी पहनाना कस हे। त भई, सुनना सिखव बोलना कम करव, नइते घर के जी.डी.पी. के साथ-साथ मोहल्ला के शांति के जी.डी.पी. घलो गिर जाही। राम-लीला तो होईस फेर, असली नॉन- स्टॉप- रेडियो कोनो करा अभी घलो चालू हे।

बोलो लखन सिया राम चन्द्र की जय!

(मोखला, राजनांदगांव) मोबाईल- 7999840942

कल का शेष...

कहानी : अकड़ूबम

प्रभात कुमार तिवारी



इतना करने से क्या समस्या दूर हो जाएगी, दूर नहीं होगी पर आगामी संघर्ष का रास्ता साफ-साफ दिखाई देने लगेगा। वे हैं कौन जो इतनी बड़ी-बड़ी बात करने लगे हैं, इतने मे धड़घड़ाते दस-पन्द्रह युवक हाल में आकर मुट्ठी लहराकर अभिवादन करने लगे.

पापा उनसे परिचय कराने लगे कोई इंजीनियर कोई डॉक्टर कोई व्यापारी कोइ शिक्षक कोइ प्रोफेसर भी थे सबके चेहरे एक दूसरे से मिलकर फूले नहीं समा रहे थे.

जिन्दगी कितनी सरल होती है इसको कठिन बनाने मे इन साथियों को संकोच नहीं हो रहा था, चांदनी पापाजी को हैरत से देख रही थी उसने पापाजी का यह रूप कभी देखा नहीं था उसके मन में तरह-तरह के प्रश्न उठ रहे थे ये कैसे लोग हैं कहां से आए हैं क्या करने वाले हैं कहीं पापाजी किसी मुसीबत में फंसने वाले तो नहीं - ये सब एक शहर के नहीं अलग अलग शहर से आए हैं सब लोग एक तरह के नहीं सबकी विशेषता अलग-अलग है फिर भी एक सूत्र में इन्हें बांधने में पापा कैसे सफल हुए हैं जब मैंने पूछा यह सब कैसे हुआ उन्होंने कहा यह मेरी सफलता नहीं है ये उन सभी साथियों की कोशिश है जो रंग लाइ है.

एक दिन बारिश हो रही थी अचानक एक लड़का आया कहने लगा उसकी पढ़ाई रूक जाएगी फीस जमा करने के लिए उसके पास पैसे नहीं है उसके पिता रिक्शा चलाते हैं बारिश की वजह से उनका काम नहीं चल रहा है तब इन्हीं लोगों ने कलेक्शन कर उसकी फीस जमा करवाइ नया यूनिफार्म लेकर उसे दिया इस घटना से पता चलता है उनके जजबात वंचित समाज के लोगों की मदद करने के लिए कितने गहरे है इन छोटी छोटी घटनाओं ने इनको समाज सुधारने का दीवाना बना दिया है

पापा आप मम्मी को लेकर क्यों नहीं आए.

उसको लेकर आकर यहां क्या करता.

क्या करता माने मैं उनके साथ रहती हम लोग मिलकर इधर-उधर घूमते रहते उनको होटल का चटपटा नाश्ता-भोजन पसंद है मैं उनको तरह तरह की चीजें खिलाती हम लोग मिलकर खूब मस्ती करते.

मस्ती करते अरे तुम वहां उससे बात तक नहीं करती थी न वह तुमसे बात करती थी अकड़ूबम-

हां हूं अकड़ूबम उससे क्या मजा नहीं कर सकते अरे हम होटल में अलग-अलग टेबिल में बैठ जाते बिल तो मैं देती आपको तो होटल का खाना पसंद नहीं आता न चाऊमिन न न्यूडल न प्याजी बड़ा आप न तो प्याज खाते न लहसुन न गरम मसाला - आप हम लोगों का मुंह देख देखकर चाय बिस्कुट मजे से खाते रहते और क्या,

इतनी सीधी तेरी सास है मालूम है ना यदि तू बिल देती तो खाना तो दूर खाने-नाश्ते को टच भी नहीं करती.

हां तो क्या हुआ बिल वो दे देती मै तो उनके पैसे का खा लेती हूं बाद में दूसरे दिन पापा ने दिए हैं कह देती और धीरे से उनके पर्स में रख देती,

हां ये बात तो तेरी सच है मैंने दिया है कहती तो वह पैसे चट से रख लेती और मेरा क्या है तू मेरी लाड़ली बहू है तो इसलिए इतना झूठ बोल ही देता.

और ये सच है हमारे पास जितना भी पैसा है वो आपकी वजह से है और ये समझ लीजिए ये सब आपका ही दिया हुआ है.

कमाइ का पैसा है खैर जाने दो ये कभी खतम न होने वाली बहस है.

तुम्हारी भावुकता मैं समझ सकता हूं पर यह सब तुम्हारी अपनी

आप जानते नहीं मैं मम्मी के बिना नहीं रह सकती ऐसा कीजिए आप उनको एक बार यहां भेज दीजिए आपको यकीन हो जाएगा ''आंखों देखी को आरसी क्या पढ़े लिखे को फारसी क्या''

अरे तुम रोने क्यों लगी मैंने तो कुछ कहा नहीं,

कहा क्यों नहीं पटती नहीं एक साथ रहने के लिए पटाना जरूरी है क्या ? बाप-बेटे में विचारों में अंतर है तो क्या इससे मतलब कि उनमें पटती नहीं इसलिए वो एक साथ रह नहीं सकते बस मम्मी को एक बार मेरे साथ रहने के लिए भेज दीजिए मैं कुछ नहीं जानती उनको जितने दिन रहना हो रहे फिर वापस चली जाए.

हिश वहां रहते हुए तुम उससे चिढ़ती थी लगता है किसी ने तुम्हें कुछ खिला पिला दिया है जो तुम इतना बदल गइ हो कहीं ऐसा न हो ऐसा करते-करते तुम पूरी तरह सास की जैसी बन जाओ

हां बन जाऊं तो क्या इतने दूर आने के बाद मैं उनको समझ पाइ मैं जितनी भी गलती कर देती थी वो उसे ठीक कर छिपा देती थी मैं कुछ भी बोलूं उन्हें फर्क नहीं पड़ता था बल्कि वहां से जाकर ऐसा जताती थी जैसे कुछ हुआ ही न हो मैं मानती हूं उन्होंने मुझे पसंद किया था पर इसका मतलब ये तो नहीं मैं जो भी करूं वो इसे सहन करें.

अरे बापरे बाप आज तो तुम्हें अपनी सास पर बड़ा लाड़ आ रहा है इस समय मैं तुमसे जो भी कहूंगा उसका मतलब तुम दूसरा ही निकालोगी देखो आज का समय तरक्की करने का है तो हम उस पर ध्यान दें तो ज्यादा अच्छा होगा,

अच्छा तो आप आ गए अपने असली एजेण्डे पर दिखावा आपको पसंद नहीं-वो आपका डायलाग है मेरी कमीज तेरी कमीज से ज्यादा साफ है होटलिंग आपको पसंद नहीं पीजा बर्गर मोमोज चायनीज फूड की बात तो करना बेकार है कार लक्जरी सुविधाओं की बात करना तो सपनों की उड़ान है आपसे तो बात करनी चाहिए बड़ी बड़ी बिल्डिंग बनाने की फैक्टरी पर फैक्टरी दुकान पर दुकान बनाने की रहने दीजिए सतुए की हांडी पर लात पड़ जाएगी और कान हाथ पैर सब सतुए से सन जाएंगे और इस तरह शेखचिल्लीका सपना पूरा का पूरा जमीन पर धरासायी हो जाएगा.

बहुत देर हो गइ बातो बातों में समय मत गवांओं अपने आफिस जाओ नहीं तो आज की छुट्टी लग जाएगी

अच्छा तो मैं चलती हूं शाम को जल्दी आ जाऊंगी.

जयस्तम्भ चौक
राजनांदगांव छत्तीसगढ़ मो.नं.7804865033
पूर्व संपादक - पत्रिका श्रमिक भोपाल से
प्रकाशित संप्रति संपादकः
पत्रिका ''आंधी से पहले''



सामयिक चर्चा

स्वभाविक प्रश्न!

खबर न पढ़कर,
आज बानी बोले- ''गजाधर!
गृहस्थ गिरधारी ने कहा है -
शराब पीने के मामले में हमारा जिला प्रदेश में
चौथे से पांचवें नम्बर पर
भले खिसक गया हो
लेकिन जिले का आबकारी विभाग
शराब से शासन को
भारी भरकम कमाई
अभी भी दे रहा है।
चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम छैमाही में
बीते साल की प्रथम छैमाही से
3.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ
297 करोड़ रूपए से ज्यादा का
राजस्व दिया है!
गजाधर! इस पर
आपकी क्या प्रतिक्रिया है?''
गजाधर पूछ उठे -
''बानी! यह तो बताओ,
यह खुशी की बात है
कि चिन्ता की बात है?''
(रविवार 18 अक्टूबर 2026)



गिरीश बख्शी

लघुकथा

// वत्सल //

बुजुर्ग मरीज की उम्र साठ-पैंसठ की रही होगी। अपिंडिक्स की सफल सर्जरी हुई थी। डिस्चार्ज के दिन उसकी दोनों आँखें सजल हुईं। उसके देखभाल में लगी नर्स ने पूछा- 'क्यों दादा जी, आप तो बिल्कुल ठीक हो गये हैं। आज तो खुशी का दिन है। आपकी आँखों में आँसू मेरी समझ से परे हैं।'

बुजुर्ग ने आँसू पोंछते हुए कहा- ''सिस्टर ! तुम सबकी सेवा से आज मैं कृतज्ञ हुआ। सभी डॉक्टरों और तुम नर्सों की सेवा से मैं अपने अतीत की ओर खींचा जा रहा हूँ।''


''वो कैसे दादा जी'' नर्स बुजुर्ग की कलाई से कैनुला निकालने लगी। बुजुर्ग बोला- ''मुझे डॉक्टरों में भगवान दिखे; और तुम सभी नर्सों से माँ के प्यार की अनुभूति हुई। मुझे इस धरती पर आये तीन दिन बस हुए थे, मेरी माँ चल बसी थी।''



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

शब्द सामर्थ्य -194

(भागवत साहू)



शब्द सामर्थ्य क्रमांक193 का हल



राशिफल

मेष — आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। देवी कालरात्रि आपके जीवन से सभी बाधाएं दूर करेंगी। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। किसी नये प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

वृष राशि — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों के लिये आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज नवरात्र के सातवें दिन पर माँ कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेंगी। किस्मत का साथ मिलने से किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत कर रहे हैं, तो घर के बुजुर्गों की राय जरूर लें। जीवनसाथी को आज कोई जरूरत की वस्तु उपहार दें।

मिथुन — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको किसी अजनबी व्यक्ति से ऐसी बात पता चलेगी जिसकी वजह से आपके जीवन में नया बदलाव आ सकता है। आज आपको कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहिए। जीवनसाथी के सुझाव से आपको पैसा कमाने का कोई नया जरिया मिलेगा। किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट्स को कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखें।

कर्क — आज आपका दिन खास रहने वाला है। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज नवरात्र के शुभ अवसर पर देवी कालरात्रि आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां लायेंगी। आप बच्चों के साथ अधिक समय बितायेंगे। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। किसी उच्च अधिकारी से आपका संपर्क होने के कारण सरकारी कार्यों में फायदा होगा। घर के कार्यों को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी।

सिंह — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज के दिन मां कालरात्रि की उपासना से आप हर तरह के भय, आदि से दूर रहेंगे। आज शत्रु पक्ष आपसे दूरी बनाकर रहेगा। ऑफिस के काम में आपको पूर्ण सफलता मिलेगी। अधिकारी लोग आपके काम से प्रभावित होंगे। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या — आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि चीज़ों को बेहतर बनाने में आपकी मदद करेंगी। आज आप किसी व्यक्ति से प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिताना आपके रिश्तों के लिये अच्छा रहेगा। फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा।

तुला — आज आपका दिन फेक्सेबल रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिए, बहुत जरुरी हो तभी यात्रा पर जायें। आज ऑफिस के किसी काम में गलतियों को नजर अंदाज न करें। आज आप समाज के लिये कोई ऐसा काम कर सकते हैं, जिससे आपके यश-सम्मान में वृद्धि होगी। दोस्तों की मदद से आपकी कोई इच्छा पूरी होगी। मां दुर्गा को मिका भोग लगायें।

वृश्चिक — आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे लोगों को आज नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। ऑफिस के लोग आपके कार्यों की खूब तारीफ करेंगे। आज शिक्षा के क्षेत्र में आपको कोई बड़ी कामयाबी मिलेगी। देवी कालरात्रि की कृपा से आपके कार्य अच्छे से पूरे होंगे। आपके धन के खजाने भरे रहेंगे। दोस्तों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। इस राशि के फैशन डिजाईनिंग के छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। मां दुर्गा को खोये का भोग लगायें।

धनु — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ कोई व्यापार शुरू करने की बात रखेंगे। आज अपने खर्चों को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे। आज अपना कार्य अच्छी तरह से पूरा करने पर वाहवाही मिलेगी। देवी मां आपकी यात्रा को सफल बनायेंगी। आर्थिक रूप से आप मजबूत रहेंगे। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि को हाथ जोड़कर प्रणाम करें, आपके साथ सब अच्छा रहेगा।

मकर — आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। आज आप अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे। किसी प्रापर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर का सहयोग मिलेगा। आज आपके किसी करीबी रिश्तेदार से फोन पर बात होगी। आपको उनसे बात करके अच्छा लगेगा। देवी मां को बेसन से बनी मिठाई का भोग लगाएं, पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। पहले से लिये गए फैसले आपको बेहतर फल देंगे। परिवार के किसी काम को आप बखूबी निभायेंगे, जिससे परिवार के लोग आपसे खुश रहेंगे। देवी मां को वस्त्र भेंट करें, सब लोग आपसे खुश रहेंगे।

मीन — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज जिस कार्य को करने की सोचेंगे, उसमें कामयाबी मिलेगी। साथ ही घरेलू कार्यों को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपको किसी अच्छे वकील के साथ इंटरव्यिू करने का मौका मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

शहीद नगरी छुईखदान रास गरबा के रंग में सराबोर, 1500 प्रतिभागियों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

0 तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का भव्य शुभारंभ,

0 पारंपरिक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मोहा मन

छुईखदान/ खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान शहीद नगरी छुईखदान में रास गरबा एवं शाही दशहरा उत्सव समिति तथा नगर पंचायत के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार की रात उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ हुआ। स्थानीय फुटबॉल मैदान में आयोजित इस भव्य आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। लगभग 40 समूहों के करीब 1500 प्रतिभागियों की सहभागिता ने आयोजन को खास बना दिया। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और पुरुषों ने पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक परिधानों और मधुर लोकधुनों पर थिरकते प्रतिभागियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों से लेकर युवाओं और विभिन्न आयु वर्गों के लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ गरबा प्रस्तुतियां दीं। मैदान में देर रात तक दर्शकों की भीड़ जुटी रही और पूरा परिसर गरबा की रंगीन छटा से सराबोर नजर आया। प्रतिभागियों की एकरूपता, पारंपरिक नृत्य शैली और आकर्षक



प्रस्तुतियां कार्यक्रम के विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

पांच वर्षों से सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ा रहा महोत्सव

छुईखदान में लगातार पांच वर्षों से आयोजित हो रहा यह गरबा महोत्सव अब नगर की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। आयोजन का उद्देश्य भारतीय लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। महोत्सव में विभिन्न आयु वर्गों के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन के दौरान पारंपरिक गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

दूसरे और तीसरे दिन हुई प्रतियोगिता

गरबा महोत्सव में मिनी, जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजन के पहले दिन प्रतिभागियों को अपनी कला प्रस्तुत करने के लिए खुला मंच प्रदान किया गया। वहीं, दूसरे और तीसरे दिन गरबा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन दिनों प्रतिभागी समूहों की प्रस्तुतियों का निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समूहों को चयन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। रास गरबा महोत्सव में रास गरबा एवं शाही दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, पार्षद महेश नारकर, समाजसेवी संतोष कामडे, विकेश गुप्ता, आयश सिंह, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे नगर की सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। महोत्सव के सफल आयोजन में अनिमेष महोबिया, पार्षद शैव्या वैष्णव, अनुराग सोनी और निलेश गुप्ता सहित आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने, परंपराओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं।

दो शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद ठेका कर्मी को पोल पर क्यों चढ़ाया?

0 हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलसा ठेका कर्मी टुमनलाल, पोल से गिरकर गंभीर रूप से घायल

0 विभागीय कार्यप्रणाली व सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



ठेलकाडीह (दावा)। विद्युत वितरण विभाग में कार्यरत ठेका कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ठेलकाडीह वितरण केंद्र के अंतर्गत शनिवार सुबह धौराभाठा निवासी ठेका कर्मी टूमन लाल धुर्वे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल कर्मी को आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली, ठेका श्रमिकों की कार्यदशा और मौके पर उपस्थित विभागीय कर्मचारियों की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

हादसे के बाद क्षेत्र में यह सवाल प्रमुखता से उठ रहा है कि जब सुधार कार्य के लिए मौके पर विद्युत विभाग के दो नियमित शासकीय कर्मचारी–लाइनमैन सुमेंद्र कुमार रावटे और शैलेंद्र वर्मा उपस्थित थे, तो खतरनाक विद्युत कार्य के लिए ठेका कर्मी को पोल पर क्यों चढ़ाया गया? क्या पोल पर चढ़ने से पहले सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था? क्या लाइन में बिजली आपूर्ति बंद (परमिट/शटडाउन) होने की शत-प्रतिशत पुष्टि की गई थी? क्या कार्य के दौरान ठेका कर्मी को जरूरी सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट, अर्थिंग रॉड, ग्लव्स आदि) उपलब्ध कराए गए थे? इन बिंदुओं का स्पष्ट होना अभी बाकी है।

एलटी लाईन का बंद था कनेक्शन, 11 केवी लाइन चालू होने से हुआ हादसा

मामले को लेकर कार्यस्थल पर मौजूद विभागीय कर्मचारी शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि जिस समय टूमन लाल धुर्वे एलटी (लो-टेंशन) लाइन में सुधार कार्य कर रहा था, उस लाइन का कनेक्शन बंद किया गया था। किंतु उसी पोल के पास से गुजरी 11 केवी हाईटेंशन लाइन चालू थी। कार्य के दौरान अचानक टूमन लाल हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे यह गंभीर हादसा हो गया। घटना के समय वे स्वयं और लाइनमैन सुमेंद्र कुमार रावटे मौके पर मौजूद थे और दुर्घटना के तुरंत बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की मांग

विद्युत लाइनों पर कार्य करना अत्यधिक संवेदनशील और जोखिम भरा होता है, जहां कार्य की निगरानी और सुरक्षा नियमों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ग्रामीणों और विद्युत कर्मियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सुरक्षा मानकों में हुई लापरवाही की वास्तविक वजह सामने आ सके और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय हो सके ।

> यह घटना शनिवार सुबह की है। ठेका कर्मी टूमन लाल धुर्वे नियमित लाइनमैन सुमेंद्र और कर्मचारी शैलेंद्र वर्मा के साथ लाईन सुधार कार्य के लिए गया हुआ था। हादसा किन परिस्थितियों और तकनीकी चूक की वजह से हुआ। यह विस्तृत विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।
>
> **– पूरनलाल कंवर, कनिष्ठ यंत्री, विद्युत विभाग, ठेलकाडीह**

डोंगरगांव में भव्य दशहरा महोत्सव : श्रीराम के डोले और आदिशक्ति की उपस्थिति में होगा रावण दहन



आकर्षक आतिशबाजी व लोक मंजरी की सजेगी महफिल

डोंगरगांव (दावा)। नगर पालिका परिषद एवं डोंगरगांव जनमहोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर की गौरवशाली परंपरा के अनुसार विजयादशमी का पावन पर्व मंगलवार 20 अक्टूबर को कॉलेज मैदान में पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने वरिष्ठजनों व पार्षदों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद इस वर्ष यह आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी की अगुवाई में करने का निर्णय लिया है। जिसका उद्देश्य सभी वर्गों एवं दलों को एक मंच पर जोड़कर नगर की सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण बनाए रखना है।

समितियों से सहभागिता का आह्वान

श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि नगर की समस्त मां दुर्गा एवं मां सरस्वती उत्सव समितियों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों से विशेष आग्रह किया गया है कि वे माता रानी की विसर्जन शोभायात्रा के साथ दशहरा मैदान पहुंचें। वहां भगवान श्रीराम के डोले एवं पवित्र निशान के सान्निध्य में आदिशक्ति की उपस्थिति में रावण दहन संपन्न होगा। महोत्सव में सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख अतिथियों में सांसद संतोष पाण्डेय, क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूप चंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, अरुण जैन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष टिकेश साहू सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहेंगे।

रामलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण

महोत्सव में ग्राम कोहका की प्रसिद्ध मंडली द्वारा जीवंत रामलीला का मंचन किया जाएगा। जिसमें रोमांचक राम-रावण संवाद दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा लोक मंजरी की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी और रात के आकाश में भव्य व आकर्षक आतिशबाजी का नजारा देखने को मिलेगा।

26 वर्षों से अटूट आस्था का केंद्र बना तुरकारीपारा का मां संतोषी दरबार : सारथी समाज करता है प्रतिमा स्थापित



सालभर बचत कर महिलाएं जुटाती हैं खर्च, नौ दिनों तक रहता है खट्टे पदार्थों का त्याग, दशहरे पर होगा भंडारा

खैरागढ़ (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर संगीत नगरी खैरागढ़ आदिशक्ति मां दुर्गा के विविध स्वरूपों की भक्ति में लीन है। नगर में मां अम्बे, मां शाकंभरी और मां सरस्वती के साथ-साथ मां संतोषी की भी भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसी कड़ी में वार्ड स्थित तुरकारीपारा का मां संतोषी दरबार विगत 26 वर्षों से क्षेत्र में अटूट आस्था, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। सारथी समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस उत्सव में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष मिलकर मां संतोषी की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इस पूरे आयोजन की सबसे खास बात यह है कि इसमें मातृशक्ति की अग्रणी भूमिका रहती है। समाज की महिलाएं सालभर अपनी छोटी-छोटी बचतों से पैसे जमा करती हैं और उसी संचित राशि से नवरात्रि में माता रानी की स्थापना और पूजन की व्यवस्था सुनिश्चित करती हैं।

नौ दिनों तक खटाई का पूर्ण त्याग, सालभर शुक्रवार व्रत

समिति से जुड़े श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक मां संतोषी के भक्त नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए खट्टे पदार्थों के सेवन का पूर्ण त्याग करते हैं। इसके अलावा मंदिर में वर्षभर प्रत्येक शुक्रवार को नियमित पूजा-अर्चना होती है। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं संतोषी माता का व्रत रखती हैं। नवरात्रि पर्व के समापन पर विजयादशमी (दशहरा) के दिन यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

थाली सजाओ प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुईं महिलाएं

मां संतोषी महिला समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान रास-गरबा सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। षष्ठी तिथि पर आयोजित 'आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता' में बतौर मुख्य अतिथि रानी विभा देवव्रत सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, नगर पालिका सभापति अजय जैन एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं की कलात्मकता की सराहना करते हुए सबसे आकर्षक थाली सजाने वाली चार प्रतिभागी महिलाओं को स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

अंबागढ़ चौकी-मानपुर सड़क निर्माण में उड़ रही धूल, मुरुम उत्खनन पर उठे सवाल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी से मानपुर तक सड़क निर्माण का कार्य जारी है। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान उड़ रही धूल से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों सहित आम नागरिकों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। वहीं सड़क निर्माण के लिए मुरुम की खुदाई को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

खेतों और भर्री क्षेत्रों में खुदाई को लेकर सवाल

जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए मुरुम की आवश्यकता को देखते हुए सड़क किनारे स्थित खेतों और भर्री क्षेत्रों में जेसीबी और चैनमौंटेन मशीन से खुदाई किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि मुरुम उत्खनन के लिए आवश्यक अनुमति और आदेश जारी किए गए हैं या नहीं। हालांकि, उत्खनन की वैधता और संबंधित अनुमति के दस्तावेजों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है।

10 फीट तक गहरे गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

मुरुम उत्खनन के दौरान कई स्थानों पर लगभग 10 फीट तक गहरे गड्ढे होने की बात कही जा रही है। यदि इन गड्ढों को खुला और असुरक्षित छोड़ दिया गया है, तो आसपास रहने वाले लोगों, राहगीरों और मवेशियों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। रात के समय इन गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। संबंधित विभाग को उत्खनन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के पालन की जांच करनी चाहिए।

विभागीय निगरानी पर उठ रहे सवाल

सड़क निर्माण और मुरुम उत्खनन को लेकर स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि उत्खनन बिना आवश्यक अनुमति के किया जा रहा है, तो यह जांच का विषय है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग को मौके पर पहुंचकर उत्खनन की स्थिति, अनुमति संबंधी दस्तावेजों तथा निर्धारित नियमों के पालन की जांच करनी चाहिए। हालांकि, इस मामले में ठेकेदार और अधिकारियों के बीच किसी प्रकार की मिलीभगत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाना आवश्यक है।

प्रशासन से जांच और कार्रवाई की अपेक्षा

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन, खनिज विभाग और राजस्व विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। सड़क निर्माण के दौरान धूल नियंत्रण, मुरुम उत्खनन की वैधता और गहरे गड्ढों की सुरक्षा की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि विकास कार्य के साथ आम जनता की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

सिंगरायटोला में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ : विधायक भोलाराम साहू ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



छुरिया (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के वनांचल ग्राम सिंगरायटोला में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य और गरिमामय शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि खेल ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। नियमित खेलों से युवाओं में अनुशासन, एकता, शारीरिक सामर्थ्य और खेल भावना का संचार होता है। उन्होंने कहा कि कबड्डी हमारी माटी का पारंपरिक एवं लोकप्रिय खेल है, जो फुर्ती, अदम्य साहस और उत्कृष्ट टीम समन्वय की मांग करता है। इस तरह के आयोजनों से वनांचल के उदीयमान खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

प्रतियोगिता के पहले दिन अंचल के युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, पार्षद रितेश मेश्राम, कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप धावड़े, किसान नेता उदेराम साहू, ग्राम सरपंच श्रीमती सविता हारमें, मिलाप दास साहू, विकास लाउत्रे, सीमा मानिकपुरी, बेनीराम साहू, भूपेन्द्र रामटेके, हरिदास अम्बादे, छगन लाल मेश्राम, काशीराम मंडावी, गौर सिंह कोमरे, एसआई कुंजाम, वीरेन्द्र कचलामें तथा नरेन्द्र सिंह कोमरे उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में क्षेत्र की अनेक नामचीन टीमें अपना दमखम दिखाएंगी ।

रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में गरबा रंगमंच का हुआ उद्घाटन



पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे व पार्षदों की रही मौजूदगी, दो दिवसीय महोत्सव को लेकर युवाओं में भारी उत्साह

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डोंगरगढ़ रेलवे इंस्टीट्यूट एवं फ्रेंड्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में दो दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव का विधिवत शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, शहर मंडल अध्यक्ष सौमित्र सोनी, पार्षदगणों एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में गरबा रंगमंच के उद्घाटन के साथ हुआ। अतिथियों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन के साथ ही समूचा आयोजन स्थल भक्ति, उमंग और उल्लास के रंगों में डूब गया। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने मां आदिशक्ति की आराधना में डांडिया और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। खेल के लिए ऐतिहासिक पहचान रखने वाले रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव को लेकर आयोजकों के साथ-साथ शहर के युवाओं एवं श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखा जा रहा है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल घुमका में विकासखंड स्तरीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन

चार दिनों तक अनुशासन, सेवा और स्वावलंबन का मिला कड़ा प्रशिक्षण, रैली व नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

घुमका (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) घुमका में आयोजित चार दिवसीय विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का गरिमामय समापन हुआ। यह शिविर जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त प्रवास बघेल, बीईओ राजू राम साहू, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे तथा जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

ध्वज शिष्टाचार से हुआ था शुभारंभ

शिविर का शुभारंभ 9 अक्टूबर को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमति जय कुमार वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं एसएमसी अध्यक्ष पीताम्बर निषाद व प्राचार्य जवाहर टंडन की अध्यक्षता में हुआ था। इस दौरान पूर्व प्राचार्य गनपत दुबे, महादेव वर्मा, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी अध्यक्ष पुसउ राम वर्मा, पुखराज गनपत राज जैन, पूर्व प्रधान पाठक टी.आर. यादव, पार्षद कुमार नाथ, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी अध्यक्ष संजय उमाकांत साहू, एसएमसी उपाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा वर्मा, ऋषि वर्मा तथा श्रीमती ममता



चंदेल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

कौशल विकास व जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण

शिविरार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना और स्वावलंबन के साथ स्काउटिंग नियमों, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाने की परंपरा व इतिहास का गहन अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त बी.पी. सिक्स व्यायाम, सूर्य नमस्कार, योग, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), गांठें बांधना, आपातकालीन स्ट्रेचर निर्माण, ड्रील, दूरी-ऊंचाई का अनुमान और विभिन्न बौद्धिक व शारीरिक खेलों की तकनीक सिखाई गई।

शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने नगर में भव्य जनजागरूकता रैली निकाली और हृदय स्थल पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता व बालिका शिक्षा का संदेश दिया। व्यापारियों से दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने का आह्वान किया गया। वहीं पारंपरिक महाशिविर ज्वाल (कैंप फायर) का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमति वर्मा एवं बीईओ राजू राम साहू की मौजूदगी में हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर एबीईओ श्रीमती भारती आहूजा आर्य, शैलेंद्र रूसिया, सौरभ सिंह राजपूत, सी.एल. कन्नौजे, सुरेश निर्मलकर व श्रीमती पूर्णिमा वर्मा उपस्थित रहे।

प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन

शिविर का विधिवत समापन राज्य उपाध्यक्ष राजेंद्र गोलछा तथा जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, प्रशिक्षण आयुक्त मुन्नालाल साहू, वि.ख. सचिव तिलेश्वर बघेल तथा शिक्षक टोमेश्वर वर्मा का विशेष सहयोग रहा। शिविर संचालक का दायित्व संतराम साहू व श्रीमती भारती रजक ने निभाया। क्वार्टर मास्टर रमेश दास साहू (जिन्होंने मंच संचालन भी किया) और सहायक टोमेश्वर वर्मा रहे। प्रशिक्षक के रूप में जनोहर वर्मा, विजय बघेल, कैलाश ठाकुर, रेभासेन गुप्ता, शिरिन कौसर, श्यामा झा, पुष्पा साहू, फलक फरजाना, खोमेंद्र साहू, नागेश सिन्हा सहित अतिथि प्रशिक्षक विनोद हथेल व एस.आर. दुबे का मार्गदर्शन मिला। परीक्षक की भूमिका तिलेश्वर बघेल, शिरिन कौसर, सरिता साहू एवं अर्चना नेताम ने निभाई।

‘हमें प्लीज बचा लो’, वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी ने की भावुक अपील

नई दिल्ली। वेस्टंडीज क्रिकेट टीम के हेड कोच डैरन सैमी ने उम्मीद जताई है कि भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम को स्पॉन्सर मिल सकते हैं। गौरतलब हो कि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड इन दिनों भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसकी वजह से उन्होंने खिलाड़ियों की मैच फीस में 25 प्रतिशत की कटौती करने का भी फैसला किया है।

अब भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में विंडीज ने शानदार खेल दिखाया है। कैरेबियाई टीम को भले ही वनडे सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने टीम इंडिया को कड़ी टक्कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने टी20 सीरीज को 2-2 से बराबरी पर समाप्त किया क्योंकि बेंगलुरु में खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से रद हो गया। ऐसे में अब सैमी को उम्मीद है कि इससे आर्थिक रूप से तंगी झेल रहे क्रिकेट बोर्ड को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।



शनिवार को बेंगलुरु में पांचवें टी20 मैच के रद होने के बाद विंडीज के कोच ने बड़ी उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, ÷मेरी मां हमेशा कहती थी कि आपके अंदर एक केयर फैक्टर होना चाहिए। आप अपनी जिंदगी में कुछ भी कर रहे हों, बस उस केयर फैक्टर को नहीं खोना चाहिए। मुझे लगता है कि अब हम ऐसी स्थिति में हैं, जहां कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से वेस्टइंडीज क्रिकेट की मदद करे। उन्होंने आगे कहा, भारत दुनिया की सबसे अच्छी टीम है और उसके खिलाफ उसी के घर में इस तरह का प्रदर्शन हमें बातचीत के और करीब लाता है। भारत जब किसी आईसीसी इवेंट में जाता है, तो वो वर्ल्ड कप जीतेगा ही। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने बहुत कुछ किया है। जब हम कहीं जाते हैं, तो हमें अच्छा प्रदर्शन करना होता है। इसमें से हमने कुछ चीजें ठीक की हैं लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारे सामने चुनौती है। उम्मीद है कि इस सीरीज के बाद स्टेकहोल्डर्स और स्पॉन्सर्स से बातचीत करने में मदद मिलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। मेहमान टीम ने शानदार खेल दिखाया। भारत ने पहले मैच में जीत हासिल की थी लेकिन दूसरे मैच में विंडीज ने 250 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर चेज किया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने वापसी की और मुकाबला जीता लेकिन चौथा टी20 मैच एक बार फिर से विंडीज ने अपने नाम कर लिया।

क्यों संजू और वैभव दोनों को एक साथ नहीं खिला सकते कप्तान?

नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में जगह पाने के लिए अभी और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है. कप्तान श्रेयस अय्यर के बाद अब टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी साफ कर दिया है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में वैभव के लिए तुरंत अंतिम ग्यारह में जगह बनाना बेहद मुश्किल होगा.



जियोस्टार पर बात करते हुए चेतेश्वर पुजारा ने बताया कि न्यूजीलैंड की कंडीशंस में टीम का संतुलन बहुत मायने रखता है. वहां ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर्स की जरूरत पड़ती है, ऐसे में टॉप ऑर्डर में बहुत सारे बल्लेबाजों की जगह नहीं बनती है.

पुजारा ने अपनी बात को आगे जारी रखते हुए कहा कि संजू सैमसन ओपनिंग कर सकते हैं या फिर वैभव? मुझे नहीं लगता कि न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में दोनों एक साथ प्लेइंग-11 का हिस्सा बन सकते हैं. इसलिए वैभव को इंतजार



करना होगा. हालांकि उन्हें मौके जरूर मिलेंगे. कप्तान श्रेयस अय्यर भी पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन जैसे ओपनर टीम के लिए वर्ल्ड कप जिताने में अहम रहे हैं. इतना ही नहीं ये दोनों खिलाड़ी लगातार रन बना रहे हैं, जिसकी वजह से वैभव को अभी बेंच पर ही बैठना पड़ रहा है. हालांकि, अगर खिलाड़ियों की फिटनेस या परिस्थितियों के हिसाब से कोई जगह खाली होती है तो वैभव पर विचार किया जा सकता है. संजू सैमसन के हालिया उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन पर बात करते हुए पुजारा ने उनका बचाव किया. उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के लिए निरंतरता उतनी मायने नहीं रखती जितनी लोग सोचते हैं. पुजारा के मुताबिक संजू कभी आउट ऑफ फॉर्म नहीं होते. टी20 फॉर्मेट में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, यह सिर्फ एक अच्छी पारी की बात है और वह वापस फॉर्म में लौट आते हैं.

पढ़ाई के साथ संस्कृति का संगम : इग्नाइट शाला में बच्चों ने दी गरबा की मनमोहक प्रस्तुति



संस्कृति व रचनात्मकता से निखरता है व्यक्तित्व : रवि सिन्हा

राजनांदगांव (दावा)। हीरा मोती वार्ड क्रमांक 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला ‘इग्नाइट’ में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण में गरबा नृत्य गतिविधि का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हें-मुन्ने बच्चों ने ताल और लय के साथ डांडिया व गरबा की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रुचि जाग्रत करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे बच्चों की सुप्त प्रतिभा, रचनात्मकता और समग्र व्यक्तित्व को निखारने का सशक्त केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि गरबा जैसी पारंपरिक गतिविधियां बच्चों में सामूहिक सहभागिता, अनुशासन, आत्मविश्वास और अपनी समृद्ध संस्कृति के प्रति गौरव की भावना का विकास करती हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व छात्र व समाजसेवी डॉ. डी.सी. जैन एवं अमलेंदु हाजरा उपस्थित रहे। अतिथियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रधान पाठिका श्रीमती राबिया शादाब तथा शिक्षिकाओं–पूनम सिंह, बबीता देवांगन, लीला मानिकपुरी और दुर्गा पंसारी के मार्गदर्शन व प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य आरती साहू, शशि मंडावी, अभय गोर, साक्षी मंडावी, सोनिया सोनकर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

खैरागढ़ नगरीय निकाय चुनाव में : भाजपा में शिवांगी भागवत शरण सिंह का नाम चर्चा में, समर्थकों ने उठाई मांग

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी में नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। दिसंबर के पहले सप्ताह में चुनाव संपन्न होने की संभावना के बीच इस बार अध्यक्ष पद के लिए अलग से चुनाव होना है।। अध्यक्ष की सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों की ओर से भी दावेदारी की संभावनाएं सामने आने लगी हैं।।

भाजपा में अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवारों को लेकर खींचतान की स्थिति बताई जा रही

भाजपा पार्टी में करीब छह से सात दावेदार अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं या चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्तमान सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह की धर्मपत्नी शिवांगी भागवत शरण सिंह का नाम भी चर्चा में है। उनके समर्थक सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा से उन्हें टिकट देने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अब तक भागवत शरण सिंह की ओर से पार्टी संगठन या चुनाव प्रभारी के समक्ष औपचारिक



इस बार नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव अलग से होने से लोगों में दिलचस्पी बढ़ी

नगर पालिका अध्यक्ष की सीट सामान्य महिला होने के कारण कांग्रेस -भाजपा दोनों पार्टियों में दावेदारी की लम्बी फौज

दावेदारी पेश किए जाने की जानकारी सामने नहीं आई है। इसके बावजूद नगर में शिवांगी सिंह के नाम को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

भागवत शरण सिंह लंबे समय से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी भागीदारी निभाते रहे है

भागवत शरण सिंह ने नगर की नदियों को स्वच्छ रखने और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित ‘निर्मल त्रिवेणी महाभियान’ के संयोजक हैं। इस अभियान से बड़ी संख्या में नगरवासी जुड़े हुए हैं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि समर्थकों की मांग के बीच शिवांगी सिंह की उम्मीदवारी को लेकर परिवार की क्या भूमिका रहती है। शिवांगी सिंह अगर अध्यक्ष पद की दावेदारी करती हैं तो भाजपा संगठन व चुनाव प्रभारी इस पर क्या निर्णय लेते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस सहित अन्य दलों में भी अध्यक्ष पद के लिए संभावित चेहरों को लेकर हलचल बढ़ने की उम्मीद है। राजनीतिक हलकों में संभावना जताई जा रही है कि दीपावली के बाद भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर सकती हैं। ऐसे में कांग्रेस भाजपा में आने वाले दिनों में दावेदारों की सक्रियता और राजनीतिक समीकरणों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

बुनकर आवास सह वर्कशेड योजना से श्रीमती लोकेश्वरी साहू को पक्का आवास के लिए मिली ढाई लाख की आर्थिक सहायता



राजनांदगांव (दावा)। हाथकरघा विभाग द्वारा संचालित बुनकर आवास सह वर्कशेड योजना बुनकरों को सुरक्षित आवास एवं कार्यस्थल की सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक साबित हो रही है। योजना अंतर्गत आवासविहीन बुनकरों तथा कच्चे एवं छोटे मकानों में रहने वाले बुनकरों को आवास सह वर्कशेड निर्माण के लिए प्रति हितग्राही 2 लाख 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राजनांदगांव शहर के गौरी नगर वार्ड क्रमांक 13 निवासी श्रीमती लोकेश्वरी साहू श्री सांई बुनकर समिति की सदस्य हैं।

उन्हें हाथकरघा विभाग की बुनकर आवास सह वर्कशेड योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। आवास निर्माण के पहले उनका परिवार कच्चे मकान में निवास करता था। जहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्हें आर्थिक सहायता मिलने पर पक्के मकान का निर्माण कराया और बुनाई कार्य के लिए मशीन भी स्थापित की। उन्हें अब आवास के साथ बुनाई कार्य के लिए बेहतर सुविधा मिल रही है। मशीन स्थापित होने से उनका उत्पादन भी सुचारू रूप से हो रहा है। योजना से मिली सहायता ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ बुनकरी कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया है। श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने बुनकर आवास सह वर्कशेड योजना के तहत पक्का आवास बनाने के लिए मिली आर्थिक सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु भैया के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता से पक्का मकान और बुनाई कार्य के लिए मशीन की सुविधा मिली है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है।

सेवा की कहानी : ग्राम देवकट्टा में पदयात्री मार्ग पर पक्का शेड निर्माण से श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधा

धूप और वर्षा से बचाव के साथ पदयात्रियों की यात्रा हो रही अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्र पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम देवकट्टा में जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से 27 लाख 24 हजार रूपए की लागत से पदयात्री मार्ग पर पक्का शेड का निर्माण कराया गया है। पक्का शेड निर्माण होने से पदयात्रियों को धूप, वर्षा एवं अन्य प्रतिकूल मौसम से बचाव की सुविधा मिलेगी।

इससे श्रद्धालुओं की यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनाने में मदद मिल रही है। पदयात्री मार्ग पर पक्का शेड का निर्माण कार्य होने से नवरात्र पर्व के दौरान माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही है। पदयात्री मार्ग पर पक्का शेड का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को विश्राम करने तथा मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से राहत पाने में सहूलियत हो रही है। पक्का शेड निर्माण कार्य से धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर जनसुविधाओं के विस्तार को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में भी यह कार्य महत्वपूर्ण है।

ज्योतिष चमत्कार (19 अक्टूबर 2026)

कल्याण

सोम	5	6	7	8
	56	62	71	81
मंगल	6	7	8	9
	63	73	82	91
बुध	7	8	9	0
	74	84	92	01
गुरू	1	8	9	0
	17	85	93	02
शुक्र	1	2	9	0
	18	28	95	03
शनि	1	2	3	0
	19	29	36	04

अंकों का बादशाह	1
सप्ताह का वरदान	2

सप्ताह में अचूक	3	6	7	8
स्पेशल	43	56	97	08

सप्ताह में देखें

1	12	13	14	15
2	21	23	24	25
3	31	32	34	35
4	41	42	43	45
5	51	52	53	54
6	67	68	69	60
7	76	78	79	70
8	86	87	89	80
9	96	97	98	90
0	06	07	08	09

राजधानी नाईट

सोम	1	2	3	0
	13	23	31	06
मंगल	1	2	3	4
	14	24	32	41
बुध	2	3	4	5
	25	34	42	52
गुरू	3	4	5	6
	35	43	53	67
शुक्र	4	5	6	7
	45	54	68	76

अंकों का बादशाह	2
सप्ताह का वरदान	3

सप्ताह में अचूक	4	7	8	9
स्पेशल	14	57	68	09

सप्ताह में देखें

1	17	18	19	10
2	26	28	29	20
3	36	37	39	30
4	46	47	48	40
5	56	57	58	59
6	62	63	64	65
7	71	73	74	75
8	81	82	84	85
9	91	92	93	95
0	01	02	03	04

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण						राजधानी				
24	65	11	05	27	16	25	62	23	30	60
17	22	88	18	84	98	19	18	84	29	84
16	47	54	56	39	78	57	85	48	99	84
55	34	91	26	18	77	79	11	58	46	42

जनवरी 2025 से अक्टूबर 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल

कल्याण 2024-25-86
2026-10-29-40-41-44-60-61-85-86-87-09
1-777 2-499-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-222 7- 999 8-440-666 9-333 0-118-000

राजधानी नाईट 2024- -88 2025- -24-49-88-
2026-10-13-14-17-24-31-32-40-44-49-51-54-61-72-74-75-88-91-94-07-00
1-146-777, 2-444,3-111, 4--888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117- 333, 0-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रथम पृष्ठ का शेष....

गोवा में गरजे राहुल गांधी, बोले- वोट....

करते हुए जमीन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े मुद्दे भी उठाए। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की राजनीति को समझ रही है। उन्होंने कहा कि किसी सरकार के पास कितना भी पैसा, संसाधन और प्रचार तंत्र क्यों न हो, जनता का फैसला सबसे अहम होता है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए लड़ रही है और वोट चोरी के जरिए संविधान पर हमला किया गया है। राहुल गांधी ने दक्षिण गोवा के मडगांव में कांग्रेस की ‘गोय राखोन यात्रा’ में हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ 2 किलोमीटर तक पैदल चले।

ग्वालियर में मंदिर मार्ग पर भीषण हादसा :...

हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस त्रासद घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। वहीं राज्य शासन द्वारा भी मृतकों के आश्रितों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रशासन ने घटना की विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है और उनके जल्द ग्वालियर पहुंचकर घायलों से मिलने की संभावना है।

पीड़ित मां का पुलिस पर गंभीर आरोप : हादसे के बाद अस्पताल में प्रशासनिक संवेदनहीनता को लेकर आक्रोश भी दिखा। दुर्घटना में जान गंवाने वाले 19 वर्षीय युवक गौरव की मां ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे की सांसें चल रही थीं और वे उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाना चाहती थीं। आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जबरन शवगृह की ओर दबाव बनाया और एंबुलेंस को आगे नहीं जाने दिया। पीड़ित मां ने आरोप लगाया कि समय पर समुचित उपचार न मिलने के कारण उनके बेटे ने दम तोड़ा।

ईरान के नए रक्षामंत्री अखलाघी ने अमेरिका....

खतीबजादेह ने यह भी कहा कि इसराइल अपने वादों का पालन नहीं करेगा और उसे रोकने की जिम्मेदारी अमेरिका की है। ईरानी सांसदों ने मेहरदाद अखलाघी को देश के नए रक्षामंत्री के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी, जिन्होंने अपने पूर्ववर्ती की जगह ली, जिनकी संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ युद्ध के पहले दिन मृत्यु हो गई थी।

युद्ध को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने किया यह दावा : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए अमेरिकी सैन्य हमलों का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि इन हमलों ने ईरान की परमाणु क्षमताओं को कमजोर कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा : कुकी समुदाय....

(बीएसएफ) और कामजोंग पुलिस की संयुक्त टुकड़ी तैनात की गई है। सुरक्षा बलों का उद्देश्य इलाके में शांति बहाल करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों के मुताबिक, हालात पर नजर रखी जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने हिंसा की निंदा की : मणिपुर की उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन ने चासाद गांव में हुई हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने कुकी नागरिक की मौत पर दुख जताया और घायल ग्रामीण नेताओं तथा विस्थापित परिवारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। किपगेन ने घरों को जलाने की घटना को असहनीय अपराध बताया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने, नागरिकों की जान-माल की रक्षा करने और घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत न तो बांग्लादेश, न फ्रांस : एसआईआर....

प्रदर्शनों के बीच सामने आया है। प्रदर्शनकारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं। इसी दौरान विपक्षी नेताओं और छात्र कार्यकर्ताओं की ओर से सत्ता परिवर्तन से जुड़ी टिप्पणियों को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हुआ। रिजिजू ने इन टिप्पणियों को हिंसा भड़काने की कथित साजिश से जोड़ते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। दूसरी ओर, विरोध प्रदर्शन से जुड़े लोगों ने सरकार की ओर से लगाए जा रहे सत्ता परिवर्तन के आरोपों को खारिज किया है।

प्रशांत भूषण ने सत्ता परिवर्तन की बात पर क्या कहा? : वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सरकार के इस कथित आरोप को खारिज किया कि प्रदर्शन विपक्ष की ओर से सत्ता परिवर्तन कराने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य देश में चुनावी लोकतंत्र को बचाने की अपील करना है। भूषण के मुताबिक, यदि कथित मनमानी जारी रहती है, तो सत्ता परिवर्तन हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वे सत्ता परिवर्तन चाहते हैं और इसे लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखते हैं। भूषण ने कहा कि सरकार के प्रति असंतोष जाहिर करना अपने आप में अपराध नहीं है। इस तरह सत्ता परिवर्तन के मुद्दे पर मंत्री और विरोध प्रदर्शन से जुड़े लोगों के बयान अलग-अलग हैं।

क्या सत्ता परिवर्तन को लेकर राजनीतिक टकराव बढ़ेगा? : रिजिजू के आरोप और भूषण के जवाब से एसआईआर के मुद्दे पर राजनीतिक मतभेद और स्पष्ट हो गए हैं। एक तरफ केंद्रीय मंत्री ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़काने की कथित साजिश का आरोप लगाया है, वहीं भूषण ने आंदोलन को चुनावी लोकतंत्र की रक्षा से जुड़ा बताया है। फिलहाल उपलब्ध जानकारी में रिजिजू के आरोपों की पुष्टि करने वाला कोई स्वतंत्र निष्कर्ष नहीं दिया गया है। विवाद का केंद्र मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण, विरोध प्रदर्शनों और सत्ता परिवर्तन को लेकर दिए गए बयान हैं। दोनों पक्षों के रुख से साफ है कि इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस जारी है।

छत्तीसगढ़ में 30 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता.....

रसीदें भी प्रस्तुत नहीं की गई थीं। इसके अलावा नेशनल रोल फार नर्सेस (एनआरटीएस) पोर्टल पर शिक्षकों का पंजीयन और प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण अधूरा पाया गया। कुछ संस्थानों में एक वर्ष से कम अनुभव वाले शिक्षकों की नियुक्ति तथा भवन के प्रापर्टी टैक्स भुगतान की रसीदें उपलब्ध नहीं होने जैसी कमियां भी सामने आईं। इन्हीं खामियों के चलते मान्यता नवीनीकरण प्रभावित हुआ है।

पतोरा में सांसद संतोष पाण्डेय कबड्डी प्रतियोगिता एवं तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 11 से



खेल, मेला और लोक संस्कृति की रहेगी धूम, 70वें वर्ष में प्रवेश करेगा सात दशक पुराना पारंपरिक आयोजन

खुज्जी (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पतोरा में आगामी 11 से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय सांसद संतोष पाण्डेय ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कबड्डी महामुकाबले के साथ तीन दिवसीय मेला और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। ग्रामीणों के निरंतर सहयोग से आयोजित होने वाला यह पारंपरिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव इस वर्ष अपने 70वें गौरवमयी वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

कोरोना काल में भी नहीं टूटी सात दशक पुरानी परंपरा

ग्राम पतोरा में इस आयोजन की परंपरा लगभग सात दशक पुरानी है। विपरीत परिस्थितियों और कोरोना काल की चुनौतियों के बावजूद ग्रामीणों ने आवश्यक प्रशासनिक अनुमति लेकर इस आयोजन की निरंतरता को बनाए रखा। ग्रामीणों का सामूहिक सहयोग, खेल के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक विरासत के प्रति निष्ठा ही इस आयोजन की विशिष्ट पहचान है। महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए ग्राम पतोरा में आयोजन समिति व ग्रामीणों की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। इसमें खेल मैदान की व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवास व भोजन, दर्शकों की सुविधा और तीन दिवसीय मेले की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। इसे 'पतोरा महोत्सव' के रूप में मनाते हुए क्षेत्र की लोक कला व पारंपरिक विधाओं को मंच प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना मुख्य उद्देश्य : कैलाश शर्मा

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि कैलाश शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच देना और युवाओं में अनुशासन व भाईचारा बढ़ाना है। 70 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को संजोए रखना पतोरा वासियों की एकजुटता का प्रमाण है। यह महोत्सव नई पीढ़ी को अपनी जड़ों व लोक संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। बैठक में सरपंच संघ अध्यक्ष दीनदयाल साहू, रतनभाट के उपसरपंच दिग्विजय मिश्रा, पतोरा सरपंच फेम सिंह शेंडे, भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन ठाकुर, समिति सदस्य पुरुषोत्तम रावटे, धरम ओटी, मनसीराम मलिया, चैन सिंह करत, राधेलाल, भेलसाय, प्रभारी दिलीप रावटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

नवरात्रि जस प्रतियोगिता में शामिल हुए कांग्रेस नेता ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए सौंपा मांग पत्र



सिंघाभेड़ी में सांस्कृतिक मंच एवं 800 मीटर सीसी रोड, होडिंटोला में कला मंच निर्माण की मांग; विधायक प्रतिनिधि ने कार्यों को स्वीकृति दिलाने का दिया भरोसा

मोहला (दावा)। अंबागढ़ चौकी शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 16 अक्टूबर को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित जस प्रतियोगिता के समापन समारोह में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान ग्राम रेगाकटेरा, कहाड़कसा, सिंघाभेड़ी, आमाटोला, मागाटोला एवं होडिंटोला में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों की उपस्थिति में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का समापन किया गया। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू को शामिल होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं हो सके। उनके स्थान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा एवं प्रदेश महासचिव, किसान कांग्रेस कमेटी, रायपुर छत्तीसगढ़ उदयराम साहू ने विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर आयोजन का समापन कराया।

कार्यक्रमों में जनपद सदस्य श्रीमती लक्ष्मी ललित कोसरे, बेनी प्रसाद साहू, मुकुंद जनबंधु सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम रेगाकटेरा की सरपंच श्रीमती लीला शाह चंद्रवंशी, आमाटोला की सरपंच श्रीमती सुखंती कस्तूरे, कन्हैया राम साहू, शत्रुघ्न साहू, भगवान सिंह मंडावी, धर्मेंद्र कोर्रे, मागाटोला के सरपंच बलेश्वर चंद्रवंशी तथा होडिंटोला से गौतम सिंह, कुलदीप, अमर खोब्रागढ़े, बेदूराम सलामे, भारत सलामे, जीवराख साहू, मदन कामले, कुमलाल साहू, जसवंत साहू एवं कृपाशंकर नशीने सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में ग्राम पंचायत कहाड़कसा के ग्रामीणों ने क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपा। वहीं, सिंघाभेड़ी में सांस्कृतिक मंच निर्माण एवं लगभग 800 मीटर सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम होडिंटोला में कला मंच निर्माण की मांग सामने रखी गई। इन मांगों को विधायक प्रतिनिधि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के समक्ष रखा गया। उन्होंने ग्रामीणों को संबंधित विकास कार्यों के लिए प्रयास करने तथा कार्यों को स्वीकृति दिलाने की दिशा में पहल करने का भरोसा दिया।

सेवा की कहानी : ग्राम देवादा में महतारी सदन से महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई दिशा



० 24 लाख 70 हजार रूपए की लागत से महतारी सदन बनकर तैयार ० महिलाओं को कौशल विकास, आजीविका प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के मिलेंगे नए अवसर

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक एवं सामाजिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम देवादा में महतारी सदन बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 24 लाख 70 हजार रूपए की लागत से निर्मित यह भवन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। यहां महिलाओं को संगठित होकर अपने हुनर को निखारने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत महतारी सदन का निर्माण पूर्ण होने से ग्राम देवादा की महिलाओं एवं स्व-सहायता समूहों को सामूहिक गतिविधियों के लिए स्थायी भवन उपलब्ध होगा। यहां समूहों की बैठकें, कौशल विकास प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार संबंधी गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में भी सुविधा होगी।

ग्राम देवादा की महिलाओं के लिए महतारी सदन उनके सपनों को साकार करने की नई उम्मीद है। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक रूप से सक्षम बनने की आकांक्षा रखने वाली महिलाओं को यहां अपनी प्रतिभा निखारने और आयमूलक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे महिलाओं में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा। शासन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ग्राम देवादा के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति देगी।

हैरी जोसेफ व सेवक उइके के नेतृत्व में बच्चों के बीच मनाया डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन

आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलौने बांटे, शारदा समिति को साउंड बॉक्स भेंट



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शक्ति केंद्र क्रमांक-12 के प्रभारी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ एवं पार्षद सेवक उइके के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच जन्मदिन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों को खिलौने वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शारदा समिति को साउंड बॉक्स भेंट किया गया। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 एवं 3 के बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। दोनों केंद्रों के लगभग 15 से 20 बच्चों को खिलौने प्रदान कर उनके साथ खुशियां साझा की गईं। खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के बीच उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

वनांचल ग्राम घोटिया बस्ती में नया डीपी बॉक्स लगने पर ग्रामीणों में हर्ष



मुख्यमंत्री और विद्युत विभाग का जताया आभार - अनिल सिन्हा

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से डोंगरगढ़ विकासखंड में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। इसी कड़ी में वनांचल ग्राम घोटिया बस्ती की लंबित बिजली समस्या का समाधान हुआ है।

जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत घोटिया (विद्युत उपकेंद्र - ढारा) के बस्ती लाइन ट्रांसफार्मर की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। ट्रांसफार्मर के पास लगा डीपी बॉक्स पूरी तरह जर्जर हो चुका था, जिससे आए दिन फ्यूज उड़ जाता था और पूरी बस्ती अंधेरे में डूब जाती थी।

जर्जर डीपी बॉक्स के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी और रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इस संबंध में ग्रामवासियों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कर सहायक अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी डोंगरगढ़ को आवेदन सौंपा था। सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त निर्देश के पालन में विद्युत विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नवरात्रि पर्व के दौरान ही क्षतिग्रस्त डीपी बॉक्स को हटाकर नया डीपी बॉक्स लगा दिया। विभाग की त्वरित कार्रवाई से समस्त बस्ती वासियों में हर्ष व्याप्त है।ग्रामीणों ने इस त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विद्युत विभाग और मीडिया का आभार जताया है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि ग्रामीणों ने अब मांग की है कि बस्ती में विद्युत लोड बढ़ने के कारण वर्तमान 63 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

कमला कॉलेज में छात्राओं को दी डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक तकनीक की जानकारी



ओपैक, आरएफआईडी व डिजिटल लाइब्रेरी पर अतिथि व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय 'मेगा लाइब्रेरी एवं टेक अवेयरनेस' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में ग्रंथालय विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को डिजिटल लाइब्रेरी, ई-संसाधनों और आधुनिक तकनीक के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वाध्याय की आदत विकसित करना, पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रथम दिवस 14 अक्टूबर को लाइब्रेरी अवेयरनेस क्विज, बुकमार्क निर्माण तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही छात्राओं को ई-लाइब्रेरी प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन सामग्री खोजने और शोध कार्यों में उनके उपयोग के व्यावहारिक तरीके समझाए गए। दूसरे दिन 16 अक्टूबर को शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के ग्रंथपाल परस राम ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने ओएनओएस, ओपैक, आरएफआईडी तकनीक तथा आधुनिक पुस्तकालय विज्ञान से जुड़ी प्रणालियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञानवर्धन का सशक्त माध्यम है, जिसका छात्राओं को अपनी उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भरपूर लाभ उठाना चाहिए।

अल्प वर्षा व कीट प्रकोप से धान की फसल चौपट, क्षेत्रीय किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



मोहला (दावा)। विकासखंड मोहला क्षेत्र में अल्प वर्षा और कीटों के भीषण प्रकोप के कारण धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। किसानों पर आई इस दोहरी प्राकृतिक आपदा को लेकर क्षेत्रीय किसान संघ (ब्लॉक इकाई मोहला) ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संघ ने शासन-प्रशासन से तत्काल विशेष फसल गिरदावरी (सर्वे) कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने और चालू सत्र का कृषि ऋण माफ करने की पुरजोर मांग उठाई है।

आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा और बीमा लाभ देने की गुहार

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में किसान संघ ने बताया कि क्षेत्र के किसान इस वर्ष भीषण संकट के दौर से गुजर रहे हैं। बारिश की भारी कमी और कीट व्याधियों के प्रकोप ने धान की खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर बर्बाद कर दिया है। संघ ने मांग की कि प्रभावित ग्रामों में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम भेजकर तत्काल पारदर्शी सर्वे कराया जाए। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी 6-4) के नियमों के तहत पीड़ित किसानों को राहत राशि स्वीकृत की जाए तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का वास्तविक लाभ दिलाया जाए।

कर्जमाफी और रबी फसलों के लिए निःशुल्क खाद-बीज की मांग

किसानों की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए संघ ने चालू वित्तीय वर्ष के कृषि ऋण को माफ अथवा स्थगित करने की मांग की। इसके अलावा ज्ञापन में प्रमुख मांगें शामिल रहीं। सहकारी समितियों द्वारा रकबे के अनुसार किसानों को पर्याप्त रासायनिक खाद का वितरण सुनिश्चित हो। आगामी रबी सीजन की बुवाई के लिए प्रभावित किसानों को निःशुल्क बीज, खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएं। शासन स्तर पर लंबित सभी किसान सहायता राशियों का अविलंब भुगतान किया जाए। आगामी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 3,358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाए।

मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसान संघ के पदाधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने किसानों की इन न्यायसंगत मांगों पर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो अन्नदाता सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्रीय किसान संघ मोहला ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

खैरागढ़ थाना का शैक्षणिक भ्रमण, 'गुड टच-बैड टच' और बाल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



सामाजिक सहभागिता और बालिका सुरक्षा के तहत कन्या शाला दिलीपपुर की छात्राओं ने समझी पुलिस की कार्यप्रणाली

खैरागढ़ (दावा)। सामाजिक सहभागिता और बालिका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) पुलिस एवं बाल संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, दिलीपपुर की छात्राओं को थाना खैरागढ़ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को थाने की दिन-प्रतिदिन की कार्यप्रणाली, विभिन्न शाखाओं के दायित्वों और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था व सुरक्षा के लिए किए जाने वाले प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने बड़ी उत्सुकता के साथ रोजनामचा, शिकायत पंजीयन कक्ष और पुलिस बल की कार्यशैली को करीब से देखा व समझा।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल संरक्षण अधिनियम और 'गुड टच व बैड टच' के अंतर को लेकर संवेदनशील व जागरूक किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार का अनुचित या असहज व्यवहार होता है, तो वे बिना किसी डर या झिझक के अपने माता-पिता, शिक्षकों, विश्वसनीय व्यक्ति अथवा सीधे पुलिस को तत्काल सूचना दें। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना, उनमें आत्मविश्वास का संचार करना तथा आम नागरिकों विशेषकर बच्चों के मन से पुलिस का भय दूर कर विश्वास व सहयोग का वातावरण तैयार करना है। केसीजी जिला पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि क्षेत्र में बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए पुलिस सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध है।

जिपं सदस्य शीला सिन्हा की पहल से तीन गांवों में विकास कार्यों को मिली गति



डंगनिया में 9 लाख से बनेगी स्कूल बाउंड्रीवाल, बोइरडीह व जोरातराई में नाली निर्माण का भूमिपूजन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत क्षेत्र में ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत तिलई के आश्रित ग्राम डंगनिया, बोइरडीह तथा जोरातराई (ब) में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा की विशेष पहल व मौजूदगी में कुल 20.60 लाख रुपये के इन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

ग्राम पंचायत तिलई के आश्रित ग्राम डंगनिया स्थित प्राथमिक शाला परिसर में जिला पंचायत विकास निधि एवं वीबी-ग्रामजी योजना के तहत स्वीकृत 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया गया। इससे विद्यालय परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता डिगेन्द्र सिन्हा, भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर, मंडल महामंत्री राकेश साहू, सरपंच श्रीमती यशोदा साहू, मोहन साहू, टीकाराम साहू, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत बोइरडीह में 15वें वित्त मद से स्वीकृत 6 लाख 60 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य से गांव में वर्षों से लंबित जल निकासी की समस्या दूर होगी तथा स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य साकेत वैष्णव, सरपंच महेश यादव सहित पंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रीमती सिन्हा के गृह ग्राम जोरातराई (ब) में भी निस्तारी व वर्षा जल निकासी के लिए 5 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती रोहणी साहू, जनपद सदस्य साकेत वैष्णव, टाकेश सिन्हा, अरुण साहू, लाकेश साहू, चमेली साहू, जंत्री साहू, रोशनी देवांगन, सचिव राधेश्याम साहू व कान्ता साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे। श्रीमती शीला सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।



मां जगजननी दुर्गोत्सव समिति जमात पारा / राजनांदगांव दुर्गोत्सव समिति, मानव मंदिर चौक / गंज लाइन दुर्गोत्सव समिति, भारत माता चौक / मां वैष्णोदेवी दुर्गोत्स्व समिति, आजाद चौक



छाया : विक्की/अंकित बालाजी

परमहंश दुर्गा उत्सव समिति, रामाधीन मार्ग / मां शीतला दुर्गोत्सव समिति सोनार पारा / श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति, दुर्गा चौक / अम्बालिका दुर्गोत्सव समिति ब्राह्मण पारा

गौरीनगर में गौवंश हत्या के आरोपी की दुकान पर चला बुलडोजर, बल तैनात



महापौर मधुसूदन से वार्डवासियों ने की आरोपियों के मकानों को ढहाने व मटन दुकानों को हटाने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर क्षेत्र में गौवंश के कटे सिर मिलने के मामले में पुलिस द्वारा 11 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी जनआक्रोश शांत नहीं हुआ है। वार्डवासियों और हिंदू संगठनों के भारी आक्रोश को देखते हुए रविवार को नगर निगम के बुलडोजर ने मुख्य आरोपी आरिफ कुरैशी के गौरीनगर स्थित मांस दुकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

गौमाता की हत्या करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा - महापौर

कार्रवाई के दौरान स्थिति का जायजा लेने पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव को बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं व पुरुषों ने घेर लिया। नागरिकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों को फांसी देने और उनके अवैध मकानों पर भी बुलडोजर चलाने की मांग रखी। नागरिकों को शांत कराते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि गौमाता की हत्या करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंडरब्रिज और तालाब के पास गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर वे तत्काल पहुंचे थे और पुलिस अधीक्षक को सख्त कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। महापौर ने आश्वासन दिया कि विधिवत लिखित शिकायतों की जांच कर नियमानुसार आरोपियों के अवैध निर्माणों पर भी बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जाएगी।

घटना से आक्रोशित वार्ड की महिलाओं ने गौरीनगर क्षेत्र में मांस-मटन की सभी दुकानों को तत्काल बंद कराने की मांग की। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सत्यप्रकाश तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह, सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू तथा चिखली चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल कोतवाली और चिखली चौकी पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने के साथ-साथ मामले में ठोस साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

टेकाहरदी में एबीस ग्रुप का सेवा पंडाल बना कौमी एकता का केंद्र, 22 वर्षों से लगातार जारी है सेवा









सद्भाव की अनूठी मिसाल : नमाज के साथ पदयात्रियों की सेवा में जुटे मुस्लिम धर्मावलंबी

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर संस्कारधानी राजनांदगांव में आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा में जहां पूरा शहर जुटा है, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोग भी आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए श्रद्धालुओं की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक ओर श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन हैं, तो दूसरी ओर पांच वक्त की नमाज अदा करने वाले मुस्लिम धर्मावलंबी दिन-रात पदयात्रियों के सत्कार और खिदमत में डटे हुए हैं।

टेकाहरदी पंडाल में पंडाल में उपवास के खानपान और विश्राम के पुख्ता इंतजाम

मध्य भारत के प्रमुख कृषि आधारित उद्योग 'एबीस ग्रुप' (आईबी ग्रुप) द्वारा ग्राम टेकाहरदी में भव्य सेवा पंडाल स्थापित किया गया है। पंडाल में दूर-दराज से पैदल यात्रा कर पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए सुबह से देर रात तक चाय, पोहा और पौष्टिक भोजन की निरंतर व्यवस्था की जा रही है। विशेष रूप से व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार और उपवास के अनुरूप खान-पान की अलग से समुचित व्यवस्था की गई है। जिससे भक्तों की थकान दूर हो सके। इसके अलावा विश्राम हेतु गद्दे, पंखे, कूलर और भक्तिमय संगीत का सुव्यवस्थित प्रबंध किया गया है।

42 वर्षों की सेवा परंपरा, 22 वर्षों से टेकाहरदी में पंडाल : अंजुम अल्वी

आईबी ग्रुप के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि पदयात्रियों की सेवा का यह सिलसिला विगत 42 वर्षों से चला आ रहा है। शुरुआत में रायपुर नाका स्थित वर्कशॉप में ग्रुप के चेयरमैन सुल्तान अली एवं प्रबंध निदेशक बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल, शरबत और ताजे फलों के वितरण से यह सेवा प्रारंभ हुई थी। वहीं बीते 22 वर्षों से दोनों नवरात्रि पर्वों पर ग्राम टेकाहरदी में विशाल पंडाल लगाकर यात्रियों की सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास केवल सेवा नहीं, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक समरसता की एक अटूट कड़ी है। पंडाल में उपलब्ध उत्कृष्ट सुविधाओं और आत्मीय सेवा भाव को देखकर पदयात्री भी अभिभूत नजर आ रहे हैं। इस पुनीत सेवा कार्य में शेख ग्यासुद्दीन, शेख नवाबुद्दीन, सिराज मोहम्मद अशरफी, शकील सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन सक्रिय सहभागिता निभाकर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

डोंगरगढ़ के लिए बड़ी सौगात : अब यहीं धुलेंगी और संवरेंगी ट्रेनें



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी पीट लाइन की सैद्धांतिक मंजूरी, सांसद संतोष पांडेय के प्रयासों को मिली सफलता

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रमुख आस्था केंद्र डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के विकास में एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय की मांग पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डोंगरगढ़ में अत्याधुनिक पीट लाइन स्थापना को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया है। सांसद पांडेय ने नई दिल्ली में रेल मंत्री से भेंटकर स्टेशन पर ट्रेनों के नियमित रखरखाव, धुलाई और मरम्मत की स्थायी अधोसंरचना विकसित करने की मांग रखी थी। जिस पर रेल मंत्री ने शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

आस्था के केंद्र के लिए क्यों जरूरी है यह सुविधा?

विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर और पूज्य जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थली होने के कारण डोंगरगढ़ में वर्षभर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। अब तक यहां मेंटेनेंस यार्ड व पीट लाइन जैसी सुविधाएं न होने के कारण ट्रेनों की धुलाई और तकनीकी जांच के लिए बाहर भेजना पड़ता था। इस निर्णय से क्षेत्र में रेलवे अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

पीट लाइन से क्षेत्र को मिलने वाले प्रमुख लाभ

पीट लाइन बनते ही डोंगरगढ़ से रायपुर, नागपुर और बिलासपुर दिशाओं के लिए नई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत आसान होगी। सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि इस सुविधा के विकसित होने से डोंगरगढ़ केवल ट्रेनों के ठहराव वाला स्टेशन नहीं रहेगा। बल्कि यह कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का प्रारंभिक और गंतव्य (ओरिजिनेटिंग/टर्मिनेटिंग) स्टेशन बन जाएगा। नवरात्रि, चैत्र नवरात्र व अन्य वार्षिक मेलों के दौरान स्पेशल ट्रेनों का संचालन, ठहराव और मेंटेनेंस स्थानीय स्तर पर ही संभव होगा। जिससे भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद मिलेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का कायाकल्प पहले से जारी है। लिफ्ट, एस्केलेटर, आधुनिक प्रतीक्षालय के साथ कोचिंग डिपो जुड़ने से यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। हाल ही में स्वीकृत 295 किलोमीटर लंबी डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना के साथ पीट लाइन की स्थापना इस पूरे अंचल को एक प्रमुख रेलवे हब के रूप में स्थापित करेगी।

गौरीनगर की घटना संस्कारधानी के लिए अशोभनीय, दोषियों पर हो कठोरतम कार्रवाई : अंजुम अल्वी



राजनांदगांव (दावा)। जिला मुस्लिम विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं आईबी ग्रुप (एबीस) के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने गौरीनगर में घटित गोवंश अवशेष प्रकरण की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घृणित और अमानवीय कृत्य संस्कारधानी राजनांदगांव की पावन धरा और साझा संस्कृति के लिए अत्यंत अशोभनीय है। इसमें लिप्त कोई भी दोषी क्षमा योग्य नहीं है और संपूर्ण मुस्लिम समाज एकमत होकर प्रशासन से सभी आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग करता है।

नांदगांव की माटी में पला व्यक्ति नहीं कर सकता ऐसा कृत्य

अंजुम अल्वी ने स्पष्ट किया कि संस्कारधानी की माटी और सद्भाव के माहौल में पला-बढ़ा मुस्लिम समाज का कोई भी व्यक्ति ऐसा कृत्य करने की सोच भी नहीं सकता। उन्होंने जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील एवं उनके साथियों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपे गए ज्ञापन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम शहर के आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूरे देश में राजनांदगांव के कौमी एकता की मिसाल दी जाती है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए मुस्लिम समाज प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

गौरीनगर गौवंश हत्या कांड : मुख्य फरार आरोपी नागपुर से धराया, मांस खरीदने वाली दो महिलाएं भी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर क्षेत्र में आस्था के प्रतीक गौवंश की नृशंस हत्या कर सिर काटने के बहुचर्चित मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौकी चिखली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने फरार चल रहे मुख्य आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से तथा गौमांस की खरीदी करने वाली दो महिला आरोपियों को गौरीनगर से गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेशी के उपरांत तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही इस संवेदनशील प्रकरण में सलाखों के पीछे पहुंचे आरोपियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

तालाब व अंडरब्रिज में मिले थे अवशेष, दर्ज हुई थी गंभीर धाराएं

विगत दिनों गौरीनगर शीतला तालाब और निर्माणाधीन अंडरब्रिज के पास गोवंश के कटे सिर मिलने से शहर में भारी तनाव और आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई थी। मामले में पुलिस ने धारा 299, 325, 238, 3(5) बीएनएस, 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम तथा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था।

घटना के बाद से तीन आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में सायबर सेल व चिखली पुलिस की टीम तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दबिश दे रही थी। 18 अक्टूबर को पुलिस ने मुख्य आरोपी एजाज अहमद उर्फ कसाई उर्फ वकील अंसारी (39 वर्ष, निवासी शिवनगर, यशोधरा नगर, नागपुर) को नागपुर से घेराबंदी कर दबोचा। वहीं गौमांस खरीदने के आरोप में खैरून निशा (60 वर्ष, निवासी मिश्रा गली, गौरीनगर) तथा नसीमा बेगम उर्फ रानी (57 वर्ष, निवासी मस्जिद गली, गौरीनगर) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने के बाद तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

आवश्यकता है

स्थान -ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर धनगांव जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

1.केंद्र प्रबंधक-1 पद :- ऑटोमोबाइल या मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री, कम से कम 3 वर्ष का पेशेवर अनुभव अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों, विशेष विशेष रूप से मोटर वाहनों के चालक लाइसेंस और निर्माण, उपकरण और रखरखाव से संबंधित अध्यायों का गहन ज्ञान होना चाहिए।

2.ड्राइवर ट्रेनर/इंस्ट्रक्टर सिम्युलेटर :- कम से कम पांच वर्ष का एचएमवी या एलएमवी वाहन चलाने का अनुभव होना अनिवार्य है, साथ ही भी हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्र या राज्य सरकार मान्यता प्राप्त द्वारा स्थापित किसी संस्थान या राज्य सरकार के तकनीकी संस्थान शिक्षा बोर्ड द्वारा से मोटर मैकेनिक्स पाठ्यक्रम में प्रवीणता परीक्षा प्रमाण पत्र या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में कोई अन्य उच्च योग्यता, अधिनियम और उसके अंतर्गत् बनाए गए नियमों, विशेष रूप से मोटर वाहनों के चालक लाइसेंस और मोटर वाहनों के निर्माण, उपकरण और रखरखाव से संबंधित अध्यायों का गहन ज्ञान होना आवश्यक है।

3. कंप्यूटर ऑपरेटर-2 पद :- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक डिग्री या डिप्लोमा, साथ ही कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान।

4. ट्रैक ऑपरेटर-2 पद :- किसी मान्यता प्राप्त संगठन या संस्थान से मोटर मैकेनिक्स इलेक्ट्रिकल या कंप्यूटर स्ट्रीम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिप्लोमा और ऑटो मोबाइल मरम्मत और रखरखाव में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव।

5. ड्राइवर -2पद (1-एलएमवी तथा 1-एचएमवी लायसेंस अनिवार्य) :- कम से कम् पांच साल के ड्राइविंग अनुभव के साथ ड्राइविंग लाइसेंस (हल्के मोटर वाहन या भारी मोटर वाहन, जैसा भी मामला हो)

6-रखरखाव तकनीशियन-1 पद :- किसी भी मान्यता प्राप्त संगठन या संस्थान से एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिप्लोमा या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इलेक्ट्रीशियन या मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा, साथ ही इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव।

संपर्क करें :- संजय शर्मा
कार्यालय, विकास शिक्षण संस्थन, इंद्रपुरीकॉलोनी पंजाब स्वीट्सके सामने स्टेडियम रोड राजनांदगांव (छ. ग.), 98271-17141





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com